तापमान
अधिकतम 39.7 डिग्री
न्यूनतम 24.9 डिग्री

हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, रविवार, 23 जून 2024

10 जाट शिक्षण संस्था का चुनाव आज

11 युवाओं को नशे से दूर रहने की शपथ दिलवाई


## शहर में आज

- भाजपा का नागरिक अभिनंदन समारोह दोपहर 10 बजे से, कई केंद्रीय मंत्री आएंगे
- भाजपा युवा मोर्चा बाइक रैली निकालेगा सर्विस क्लब से सुबह 9 बजे
- जाट शिक्षण संस्था का चुनाव होगा सुबह 9 से दोपहर 3 बजे तक
- आर्य नगर स्थित वैदिक भक्ति साधन आश्रम में आर्य वीर प्रशिक्षण शिविर का समापन सुबह 10 बजे
- पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ अभियान चलाया जाएगा सुबह 9 बजे से
- डीएसपी रवि खुंडिया एमटीएफसी संस्कार केन्द्र का उद्घाटन करेंगे सुबह 10:30 बजे

# आज सुबह 5 बजे से रूट डायवर्ट, लाढ़ौत चौक से सेक्टर 4-5 और 35-36 तक और सुपवा की तरफ से वाहनों की नो एंट्री

## केंद्रीय मंत्रियों के कार्यक्रम को लेकर पुलिस ने किए सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

केंद्रीय शिक्षा मंत्री व हरियाणा के चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान, केंद्रीय मनोहर लाल, कृष्णपाल गुर्जर, राव इंद्रजीत सिंह, सांसद नवीन जिंदल और धर्मबीर सिंह रविवार को रोहतक आएंगे। वे यहां भारतीय जनता पार्टी के नागरिक अभिनंदन समारोह में हिस्सा लेंगे। यह कार्यक्रम भाजपा के मंगल कमल कार्यालय में सुबह 10 बजे से होगा। केंद्रीय नेताओं की सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए हैं।

■ केंद्रीय मंत्रियों के दौरे को लेकर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था

### ये रहेगा रूट प्लान

पुलिस ने रविवार सुबह 5 बजे से ही रूट डायवर्ट कर दिया है। वीवीआईपी के जाने तक रूट डायवर्ट प्लान रहेगा। रूट डायवर्ट प्लान के अनुसार लाढ़ौत चौक से सेक्टर-4-5 और 35-36 तक और सुपवा की तरफ से वाहनों को नहीं आने दिया जाएगा। गोहाना गोल चक्कर, लाढ़ौत रोड से आने वाले वाहन सुखपुरा चौक व नया बस अड्डा होते हुए अपने गंतव्य तक जाएंगे। बोहर गांव व सोनीपत की तरफ से सेक्टर-4-5 और 35-36 चौक की तरफ से आने वाले वाहनों को सेक्टर-4-5 के डिवाइडिंग रोड से होते हुए सुपवा यूनिविर्सिटी के टी प्वाइंट से बस अड्डा होते हुए अपने गंतव्य तक जाना होगा। सभी जगह पुलिस के अतिरिक्त जवान तैनात रहेंगे। संदिग्ध वाहन चालकों पर भी पुलिस की पैनी नजर रहेगी।


रोहतक। सुरक्षा प्रबंधों की समीक्षा करते पुलिस अधीक्षक हिमांशु गर्ग।

### सुरक्षा के अतिरिक्त जवान तैनात, अलर्ट पर पुलिस

पुलिस अधीक्षक हिमांशु गर्ग ने पुलिस कार्यालय में उच्च अधिकारियों के साथ मीटिंग की। मीटिंग में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लोगेश कुमार, सभी राजपत्रित अधिकारी, संबंधित प्रभारी थाना, सीआईए स्टाफ, एवीटी स्टाफ व अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद रहे। पुलिस अधीक्षक हिमांशु गर्ग ने मीटिंग में मौजूद उच्च अधिकारियों को वीवीआईपी, वीआईपी की ड्यूटी से संबंधित दिशा-निर्देश दिए गए।

### यातायात व्यवस्था पर प्रशासन की पैनी नजर

वीवीआईपी आगमन को देखते हुए पुलिस द्वारा सुरक्षा व्यवस्था, कानून व्यवस्था व यातायात व्यवस्था के पुख्ता बंदोबस्त किए गए हैं। वीवीआईपी प्रोग्राम में कल केंद्रीय मंत्रियों सहित हरियाणा के सभी मंत्री शामिल रहेंगे। इस संबंध मे उचित संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने के लिए ट्रैफिक पुलिस में अतिरिक्त जवान तैनात किए गए हैं। आमजन को परेशानी न हो इसके लिए रोहतक पुलिस द्वारा रुट डायवर्ट किया गया है।

-**हिमांशु गर्ग**, पुलिस अधीक्षक, रोहतक

# राशन कार्डधारकों को 30 तक करवानी होगी केवाईसी, नहीं तो बंद हो जाएगा राशन

## अभी तक करीब 44 प्रतिशत का काम हो पाया पूरा, रिकॉर्ड तैयार करने में जुटा विभाग

विजय अहलावत ▶▶ रोहतक

सभी राशन कार्ड धारकों को राशन डिपो पर जाकर 30 जून तक केवाईसी करवानी होगी। ऐसा नहीं करने पर उनका राशन भी बंद हो सकता है। खादय एवं आपूर्ति विभाग द्वारा राशन लेने वाले परिवारों का रिकार्ड तैयार किया जा रहा है। लेकिन अभी तक करीब 44 प्रतिशत केवाईसी ही पूरा हो पाया है। ऐसे में आने वाले समय में हजारों लोगों का राशन बंद हो सकता है, जिससे उन्हें परेशानी का सामना करना होगा।

### विभाग ने समय बढ़ाया

इस कार्य को करने में विभाग के सामने भी कई परेशानियां भी आ रही हैं। कभी किसी सदस्य के अंगूठे के निशान नहीं मिलते तो कभी कोई परिवार के साथ मौजूद नहीं होता। इस कार्य के लिए पहले दस जून तक का समय दिया गया था, जिसे अब बढ़ाया गया है।

### 168963 राशन कार्ड

जानकारी के अनुसार, रोहतक में करीब 168963 लोगों के राशन कार्ड बने हुए हैं। इनमें अंत्योदय अन्न योजना के 10917 राशन कार्ड हैं। जबकि 158046 लोगों के बीपीएल कार्ड बने हुए हैं। इन दोनों राशन कार्ड धारकों को सरकार की तरफ से गेहूं, चीनी, सरसो का तेल आदि राशन का सामान मिलता है। इस दौरान राज्य सरकार ने योजना में गड़बड़झाला बंद करने व लाभार्थियों को समय पर राशन देने के लिए केवाईसी को जरूरी बताया है। बहुत से परिवार अपने मृत सदस्यों का भी राशन डिपो से ले रहे हैं। कई मामलों में परिवार के कुछ सदस्य अपने मूल निवास से कहीं ओर रहने के लिए चले गए हैं। उनके घरवाले मूल निवास पर उनके नाम का राशन ले रहे हैं। इस तरह की गड़बड़ी को रोकने और सही पात्रों की पहचान करने के केवाईसी को अनिवार्य किया गया है।



### सभी सदस्यों की होगी बायोमैट्रिक

राशन कार्ड केवाईसी के लिए राशन कार्ड धारक परिवार के मुखिया सहित सभी लोगों की बॉयोमेट्रिक केवाईसी करवानी होगी। सभी सदस्यों के उंगलियों के निशान लिए जाएंगे। जिस पीओएस मशीन पर अंगूठा या अंगुली लगाकर अभी राशन दिया जा रहा है। उसी मशीन की सहायता से केवाईसी भी की जाएगी। हालांकि पहले सरकार ने दस जून तक का समय दिया था लेकिन काम आधा भी नहीं हो पाया, इसलिए समय को बढ़ाया है।

### ये आ रही दिक्कत

केवाईसी करने में विभाग को काफी दिक्कतें आ रही हैं। बच्चों की उंगलियों के निशान नहीं मिलते। बुजुर्गों के हाथ के निशान साफ नहीं होते। इसलिए उनका अंगूठा स्कैन करते हुए समस्या आती है। इस वजह से उनका केवाईसी नहीं हो पाता। इसका कोई विकल्प अभी नहीं है। माना जा रहा है कि दस से 15 प्रतिशत राशन कार्ड इसी वजह से केवाईसी के बिना रह जाएंगे।

### लोकसभा चुनाव से काम हुआ प्रभावित

मई और जून में लोकसभा चुनाव चल रहा था। कर्मचारियों की ड्यूटियां लगाई गई थी। इस दौरान चुनाव की वजह से केवाईसी का कार्य काफी हद तक प्रभावित रहा। लोग भी चुनाव के दौरान व्यस्त रहे। चुनाव सम्पन्न होने के बाद ही काम को गति मिल पाई। चलने फिरने में असमर्थ और बीमार लोगों द्वारा भी केवाईसी के लिए नहीं पहुंचा जा रहा है।

### कार्डधारक समय रहते केवाईसी जरूरी करवाएं

सभी राशन डिपो पर केवाईसी का काम किया जा रहा है। अभी तक करीब 44 प्रतिशत कार्य पूरा हो गया है। कार्य को तेजी से करने के निर्देश दिए गए हैं। जल्द ही इसे पूरा कर लिया जाएगा। राशन कार्ड धारकों से अपील है कि वे समय रहते केवाईसी जरूर करवा लें। इसके बाद राशन मिलने में दिक्कतें आ सकती हैं।

-**वीरेंद्र सिंह**, खादय एवं आपूर्ति नियंत्रक



### परिवार के सभी सदस्य नहीं होते एक साथ

सरकार की तरफ से आदेश हैं कि राशन कार्ड में दर्ज हर व्यक्ति की डिटेल ली जाए। साथ ही सभी को केवाईसी के लिए बुलाया जाएगा। लेकिन परिवार के सभी सदस्य एक साथ नहीं आ पाते और उनकी केवाईसी पूरी नहीं हो पाती। यह समस्या भी राशन डिपो संचालकों के सामने आ रही है। जून के दौरान स्कूलों में अवकाश चल रहे हैं। काफी बच्चे नाना के यहां या फिर घूमने गए हुए हैं। इस वजह से बच्चे केवाईसी के लिए कम आ रहे हैं।

### अतिक्रमण हटाने को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त

रोहतक। जिलाधीश अजय कुमार ने अपराध प्रक्रिया नियमावली 1973 की धारा 23(2) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिला के गांव बलियाना स्थित सड़क मार्ग संख्या 357 से अनाधिकृत कब्जा हटाने के दौरान कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजपाल चहल को डयूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त करने के आदेश जारी किए हैं। जिलाधीश द्वारा जारी आदेश के अनुसार पुलिस अधीक्षक द्वारा डयूटी मजिस्ट्रेट के साथ महिला पुलिस सहित पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा तथा पुलिस बल के प्रभारी निरंतर डयूटी मजिस्ट्रेट के संपर्क में रहेंगे।

### रेलगाड़ी की चपेट में आने से युवक की मौत



**रोहतक।** रेलगाड़ी की चपेट में आने से शनिवार को एक व्यक्ति की मौत हो गई। सूचना मिलने पर जीआरपी की टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। जीआरपी ने बताया कि व्यक्ति की पहचान ओमप्रकाश के रूप में हुई है। उसकी उम्र 41 साल है। शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया गया है। व्यक्ति की मौत मालगाड़ी की चपेट में आने से हुई है।

## खबर संक्षेप

### खरकड़ा टोल प्लाजा कर्मचारी के साथ लूटपाट

महम। खरकड़ा टोल प्लाजा के एक कर्मचारी के साथ मारपीट व लूटपाट किए जाने का मामला सामने आया है। महम थाने में दी शिकायत में बहलबा गांव निवासी रणबीर ने बताया कि वह राष्ट्रीय राजमार्ग 152 डी पर खरकड़ा टोल प्लाजा पर नौकरी करता है। टोल प्लाजा से ड्यूटी खत्म करके शाम को करीब चार बजे वह स्कूटी पर अपने घर जा रहा था। गांव खरकड़ा के पास घर के लिए पीने का पानी भरने लगा। हैंडपंप से एक किलोमीटर दूर गांव की ओर पहुंचा तो रोड पर पांच व्यक्ति सफेद रंग की कार में बैठे थे। उन्होंने हाथों में ईंट ले रखी थी। जैसे ही वह उनके पास पहुंचा तो उन्होंने उस पर ईंटों से हमला कर दिया। उन्होंने कमर, हाथ, पैर और मुंह पर ईंटों से चोट मारी। जाते समय वे उसके गले से सोने की एक तोले की चेन भी छीन ले गए। उसको उपचार के लिए महम के नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाया गया। पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### कपूत ने मां के सिर पर ईंट मारी, केस दर्ज

**रोहतक।** खिड़वाली में बेटे ने अपनी मां पर हमला कर दिया। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल मां को आस-पास के लोगों ने पीजीआई में भर्ती करवाया। सदर थाना पुलिस ने बिमला की शिकायत पर केस दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में बिमला ने बताया कि 21 जून को बेटे विरेंद्र ने मेरे साथ हाथापाई की व मेरे सिर में ईंट मारी। जिसके बाद मुझे आस-पास के लोगों ने पीजीआई में भर्ती करवाया गया। इस दौरान मेरे सिर में 9-10 टांके आए। पुलिस ने केस दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है।

### खेत में शराब पीने से रोकना पर हमला

**रोहतक।** चुलियाणा में दो पक्षों में झगड़ा हो गया। खरावड़ पुलिस चौकी को दी शिकायत में विकास ने बताया कि वह और उसका ताऊ नरेश साजे की खेती करते है। 19 जून को आस-पास अपने खेत में काम कर रहा था। मेरे गांव के तीन लड़के सतु, मनजीत व नरेन्द्र हमारे खेत में आए और खेत में बैठकर शराब पीने लगे। जब मेरे ताऊ ने खेत में शराब पीने से रोका तो आरोपियों से गाली गलौच की और हाथापाई की। इसके बाद 20 जून को जब वह खेत जा रहा था तो रास्ते में दो मोटरसाइकिल पर आए मनजीत, सतु, मनोज, नरेन्द्र और उसके साथ मारपीट कर फरार हो गए। पुलिस ने केस दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी। जांच अधिकारी ने बताया कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। मामले की जांच चल रही है।

## नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने होटलों में चलाया सर्च अभियान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

हरियाणा राज्य नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की टीम ने नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत झज्जर रोड बाइपास एरिया में होटल व संबंधीत स्थानों पर टीम ने सर्च अभियान चलाया।

### डॉग स्कवायड से तलाशी

इंचार्ज निरीक्षक पवन कुमार ने बताया कि टीम द्वारा शनिवार को होटलों व आस-पास के एरिया में शेरा डॉग स्कवायड के साथ सर्च अभियान चलाया और कई इलाकों में छानबीन की। टीम में उप निरीक्षक जयबीर व सोमबीर व पीआरओ विजय ने बताया कि सर्च अभियान के दौरान आमजन से अपील भी की गई है कि अगर आपको कहीं पर भी नशा बिकता हुआ दिखाई दें तो हरियाणा एनसीबी के टॉल फ्री नंबर सूचना दें, ताकि नशा तस्करों को सलाखों के पीछे भेजा जा सके।

### पेट्रोल पंप पर खड़ी बाइक चोरी, केस

**रोहतक।** दिल्ली रोड स्थित पेट्रोल पम्प से बाइक चोरी होने का मामला सामने आया है। सिविल लाइन थाना पुलिस ने बाइक चोरी का केस दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी। सुखबीर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह गांव धामड़ का रहने वाला है। 21 जून को दिल्ली रोड नजदीक पेट्रोल पम्प पर बाइक को खड़ी की थी। 22 जून को सुबह देखा तो वहां बाइक नहीं मिली।

# आज से विस चुनाव के लिए मैदान में उतरेगी भाजपा अभिनंदन समारोह के बाद तैयार होगा जीत का रोडमैप

**केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, चुनाव सह प्रभारी बिप्लब देब, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल, कृष्णपाल गुर्जर, राव इंद्रजीत सिंह, सांसद नवीन जिंदल, धर्मबीर सिंह आएंगे**

**सांसदों, विधायकों, प्रदेश पदाधिकारियों और जिलाध्यक्षों व जिला प्रभारियों की बैठक लेंगे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

भारतीय जनता पार्टी विधानसभा चुनाव में हरियाण जीतने के लिए कोई कसर छोड़ने वाली नहीं। चुनाव का बिगुल भाजपा रोहतक से ही फूंका जाएगा। इसके लिए रणनीति तैयार है और 23 जून को भाजपा मंगल कमल कार्यालय में हरियाणा चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान, बिप्लब देब, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल, कृष्णपाल गुर्जर, राव इंद्रजीत सिंह के अलावा सांसद नवीन जिंदल और सांसद धर्मबीर सिंह आएंगे। भाजपा कार्यालय के बाहर बड़ा पंडाल बनकर तैयार हो चुका है। सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए हैं। पुलिस के जवान चप्पे-चप्पे पर नजर रखेंगे। यही नहीं नागरिक अभिनंदन के बाद भाजपा नेता बैठकों का दौर शुरू करेंगे। पहले सांसदों और विधायकों की बैठक होगी। इसके बाद प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक ली जाएगी। इन दो बैठकों के बाद केंद्रीय मंत्री प्रदेश के भाजपा जिलाध्यक्षों और जिला प्रभारियों की बैठक भी लेंगे। बैठकों में चुनाव का रोडमैप तैयार कर लिया जाएगा।


**जीत का मंत्र देंगे :** केंद्रीय स्तर के नेता रविवार को एक साथ एक ही मंच पर कार्यकताअरं में जान फूकेंगे। सभी नेता विधानसभा चुनाव को लेकर जमीनी स्तर पर कार्यकताअरं, पदाधिकारियों और नेताओं को जीत का मंत्र देंगे। विधानसभा चुनाव के लिए हर सभी की ड्यूटी भी लगाई जाएगी और किस तरह किस रणनीति के तहत चुनाव लड़ा जाएगा, ऐसे सभी फामूर्लों पर रविवार को केंद्रीय मंत्री चर्चा करेंगे।

### भाजपा नेताओं ने लिया जायजा

**रोहतक।** स्वागत कार्यक्रम की तैयारियों को अंतिम रूप देते हुए प्रदेश महासचिव सुरेंद्र पूनिया, अर्चना गुप्ता व जिलाध्यक्ष एडवोकेट रणवीर ढाका व वरिष्ठ नेताओं ने निरीक्षण किया। प्रदेश मीडिया सह-संयोजक शमशेर खरक ने बताया कि सुरेंद्र पूनिया ने कहा कि टिकरी बॉर्डर से लेकर रोहतक प्रदेश कार्यालय तक लगभग 2 दर्जन स्थानों पर उनका अभिनन्दन किया जाएगा। जिलाध्यक्ष एडवोकेट रणवीर ढाका ने कहा कि सभी कार्यकताअरं की ड्यूटी लगाई गई है। कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेने वालों में मेयर मनमोहन गोयल, शमशेर खरकड़ा, प्रवीण जैन, नागेंद्र शर्मा, जिला उपाध्यक्ष हरिओम मित्तल भाली, पंकज छाबड़ा, एडवोकेट वजीर खोखर, आशा शर्मा, सुखबीर चंदोलिया, वीर सिंह हुड्डा, सौरभ कुमार, सुरेश किराड़, अजय शर्मा, भूषण चुघ, संजय बल्हारा, अमित बंसल, धर्मेंद्र सैनी, रमेश अहलावत, अशोक वर्मा सहित अन्य मौजूद रहे।

## पीजीआई का छात्र रहा है नीट पेपर लीक का आरोपी मास्टरमाइंड रवि अत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

नीट पेपर लीक मामले में रवि अत्री को मास्टर माइंड बताया जा रहा है। रवि अत्री नोएडा के नीमका गांव का रहने वाला है और वह पीजीआई रोहतक का छात्रा रहा है। 2012 में उसने परीक्षा पास करने के बाद पीजीआई में एडमिशन लिया था। लेकिन वह एग्जाम माफिया के संपर्क में आया और चौथे साल की परीक्षा भी नहीं दी। यह भी बताया जा रहा है कि रवि दूसरे छात्रों की जगह पेपर भी देने लगा था, लेकिन धीरे-धीरे वह पेपर लीक करने वाले गैंग से जुड़ गया।

- 2012 में उसने परीक्षा पास करने के बाद पीजीआई में एडमिशन लिया था
- चौथे साल की परीक्षा नहीं दी थी

### मेरठ जेल में बंद

नीट पेपर लीक से पहले रवि का नाम यूपी कांस्टेबल पेपर लीक मामले में भी आ चुका है और उसे गिरफ्तार भी किया गया। फिलहाल वह मेरठ की जेल में बंद है। सूत्रों की मानें तो जेल से ही उसने पेपर लीक करवाया था।

### पूछताछ में नाम सामने आया



दरअसल जब जांच हुई तो सामने आया कि नीट पेपर लीक कांड में बिहार से संजीव मुखिया गैंग शामिल है। पुलिस ने गैंग की जानकारी इकट्ठा की और जांच का दायरा बढ़ाते हुए दूसरे राज्यों तक भी पहुंची। कई पकड़े भी गए और पूछताछ में सामने आया कि रवि अत्री इसमें शामिल है।

### सॉल्वर गैंग तक पहुंचाना था काम

नीट पेपर लीक मामले में रवि का काम सॉल्व किए गए पेपर को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से सॉल्वर गैंग तक पहुंचाना था। 2012 में दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने उसे मेडिकल प्रवेश परीक्षा का पेपर लीक करने के आरोप में भी गिरफ्तार किया था।

## खबर संक्षेप

### ट्रैक्टर-ट्राली की चपेट में आया बच्चा, मौत

**सोनीपत।** बहालगढ़ थाना क्षेत्र के बहालगढ़-खेवड़ा सड़क मार्ग पर तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्राली की चपेट में आने से सात वर्षीय बच्चा घायल हो गया। घायल को राहगीरों की मदद से उपचार के लिए नागरिक अस्पताल में लाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्राली चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### मारपीट कर गाड़ी छीनने की वारदात में शामिल दो काबू

**सोनीपत।** सेक्टर-27 सोनीपत पुलिस ने मारपीट कर गाड़ी छीनने, मोबाइल फोन व जेवरात छीनने की वारदात में शामिल आरोपित महिला सहित दो को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित योगेश निवासी असावरपुर व महिला सोनीपत की है। पुलिस ने आरोपितो को अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें जमानत मिल गई। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

मालवीय नगर निवासी नवीन ने 26 मई को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि वह अपनी कार में किसी काम से सोनीपत से बहालगढ़ की तरफ जा रहा था। वह ट्रक मार्केट के पास पहुंचा।

### योग से होता सकारात्मक ऊर्जा का संचार : सचिन

**गोहाना।** योग करने से शरीर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करें और आजीवन स्वस्थ रहने के लिए नियमित रूप से योग करें। यह बात शहर में गुढ़ा रोड स्थित जेएलएन स्कूल के प्राचार्य डॉ. सचिन शर्मा ने कही। वे शनिवार को स्कूल में आयोजित ग्रीष्मकालीन वार्षिक शिविर के समापन सत्र को संबोधित कर रहे थे। जेएलएन स्कूल में हर वर्ष स्कूल की ग्रीष्मकालीन छुट्टियों में योगा शिविर आयोजित किया जाता है।

### ड्राइवर से की धोखाधड़ी पर्स और मोबाइल चुराया

**गन्नौर।** जीटी रोड पर लड़सौली गांव के पास चोर सड़क किनारे खड़े ट्रक में सो रहे चालक का पर्स व मोबाइल चोरी कर ले गया। चालक ने मामले की शिकायत बड़ी थाना पुलिस को दी है। शिकायत में मुंडलाना निवासी सोमबीर ने बताया कि वह ट्रक चालक है। 20 जून को वह ट्रक लेकर बादली से दिल्ली जा रहा था। जब वह जीटी रोड पर लड़सौली गांव के पास स्थित हंस ढाबा के पास पहुंचा तो उसकी आंखों में कचरा आ गया। जिस वजह से उसने सड़क किनारे ट्रक को खड़ा किया और उसके अंदर ही सो गया।

### ट्रेन में चढ़ते समय पर्स चोरी, मुकदमा दर्ज

**सोनीपत।** सोनीपत स्टेशन पर ट्रेन में चढ़ते समय महिला का पर्स चोरी हो गया। महिला ने मामले की शिकायत अलीगढ़ जीआरपी को दी। जिसके बाद पुलिस ने मामले को जीआरपी सोनीपत को भेजा। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस स्टेशन पर लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग पुलिस को लग सके।

## 105 कॉलेजियम सदस्य चुनेंगे चार पदाधिकारी

# जाट शिक्षण संस्था का चुनाव आज





**रोहतक।** प्रशासन द्वारा किए गए प्रबंधों का जायजा लेते हुए जाट एजुकेशन सोसाइटी के चुनाव में प्रधान पद प्रत्याशी राज सिंह नांदल ।

### चार पदों के लिए मैदान में 18 उम्मीदवार, चुनाव की सभी तैयारियां पूरी: डॉ नवनीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जाट शिक्षण संस्था की गवनिंग बॉडी के पदाधिकारियों का चुनाव आज होगा। कॉलेजियम के 105 सदस्य प्रधान, उपप्रधान, महासचिव एवं कोषाध्यक्ष का चुनाव करेंगे। रविवार को होने वाले चुनाव की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। पोलिंग स्टेशन के आसपास और कैंपस में सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। संस्था के प्रशासक के ओएसडी डॉ. नवनीत अहलावत ने बताया कि अतिरिक्त उपायुक्त और संस्था की चुनाव अधिकारी वैशाली सिंह के दिशा निर्देश अनुसार सभी तैयारियों को अमली जामा पहनाया जा चुका है। चुनाव में किसी प्रकार की कोई परेशानी न आए इसके लिए चुनाव की रिहर्सल के साथ-साथ संस्था के कर्मचारियों की कमेटी बनाकर उनके कार्यों की रिपोर्ट ली जा चुकी है। मतदान सुबह 9 से दोपहर 3 बजे तक होगा। इसके बाद मतों की गिनती कर चारों पदों के लिए अलग-अलग से चुनाव परिणाम की घोषणा कर दी जाएगी। मतगणना के परिणाम की घोषणा के उपरान्त विजेता उम्मीदवारों को चुनाव अधिकारी द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा।

डॉ. नवनीत अहलावत ने चुनाव ड्यूटी में लगे संस्था के कर्मचारियों की मीटिंग लेने के दौरान बताया कि चुनाव केंद्र मातूराम इंस्टिट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट में ड्यूटी पर लगे सभी कर्मचारियों की पहचान पत्र दिखाकर ही प्रवेश होगा। इंस्टिट्यूट के मुख्य हाल में चार पदों के लिए मतदान होगा। उन्होंने बताया कि सुरक्षा के दृष्टिगत मतदान केंद्र पर वीडियोग्राफी करवाई जाएगी साथ ही मतदान केंद्र का पूरा केंपस सीसीटीवी की निगरानी में रहेगा।

#### चुनाव के लिए दी जानकारी

बता दें कि प्रधान पद के लिए सफेद रंग का बैलेट पेपर होगा। उप प्रधान पद के लिए गुलाबी रंग का, महासचिव पद के लिए नीले रंग का और कोषाध्यक्ष पद के लिए पीले रंग का बैलेट पेपर होगा। मतदाता चारों पदों के लिए मतदान करने के बाद चारों मतपत्र एक ही बैलेट बॉक्स में डालेंगे।

#### प्रधान पद प्रत्याशी राज सिंह नांदल ने लिया जायजा, बोले सर्तकर्ता बरते प्रशासन

**रोहतक।** जाट एजुकेशन सोसाइटी के चुनाव में प्रधान पद प्रत्याशी राज सिंह नांदल ने प्रशासन द्वारा किए गए प्रबंधों का जायजा लिया। उनके साथ उनके पैनल के प्रत्याशी, कॉलेजियम के सदस्य और समर्थक थे। पूर्व प्रधान ने प्रशासन से मांग की है कि किसी भी अनाधिकृत व्यक्ति को मतदान केंद्र की 200 मीटर की परिधि में कोई वाहन लाने या पहुंचाने की अनुमति न दी जाए। इसके अलावा मतदान केंद्र पर किसी भी व्यक्ति को या मतदाता को मोबाइल फोन ले जाना प्रतिबंधित किया जाए। राज सिंह नांदल ने कॉलेजियम के सभी निर्वाचित सदस्यों से आग्रह किया कि वह अपना विजेता प्रमाण पत्र और संस्था द्वारा जारी सदस्यता पहचान पत्र अवश्य लेकर आएं, तभी वह मतदान प्रक्रिया में भाग ले सकेंगे। चुनाव प्रक्रिया इंजीनियरिंग कॉलेज में करवाई जाएगी। राज सिंह नांदल ने दावा किया कि उनके पैनल ने निर्णायक बढ़त बना ली है। उनके पैनल में उपाध्यक्ष पद के लिए चंद्रभान, महासचिव पद के लिए एडवोकेट जगजीत सिंह तथा कोषाध्यक्ष पद के लिए दिनेश कुमार प्रत्याशी हैं। राज सिंह नांदल ने कहा कि कुछ लोग अपनी संभावित हार को देखकर बौखलाए हुए हैं। प्रशासन से पूरी तरह सतर्क रहकर कड़े सुरक्षा प्रबंध करने को आग्रह किया।

# भैणी महाराजपुर में बस क्यू शैल्टर पर अवैध कब्जा

- ग्रामीणों ने अवैध कब्जा हटाने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम



**महम।** भैणी महाराजपुर गांव में उपले बनाने के लिए बस क्यू शेल्टर पर बनाई गई बाड़।

दिल्ली हिसार राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित भैणी महाराजपुर गांव में बस अड्डे पर बस क्यू शेल्टर बनाया गया है। इस क्यू शेल्टर पर गांव के ही लोगों ने बाड़ बनाकर अवैध कब्जा कर लिया है। बस क्यू शेल्टर के अंदर और बाहर गोबर से उपले बनाए जाते हैं। उपले खराब न हों, इसलिए शेल्टर के चारों ओर कंटिली झाड़ियों से बाड़ भी बना रखी है। गांववासी एडवोकेट जोगिंद्र शर्मा ने बताया कि महम, रोहतक और दिल्ली की ओर जाने वाले यात्रियों के बैठने के लिए बनाए गए इस शेल्टर पर अवैध कब्जा होने से यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यात्री इस भीषण गर्मी के मौसम में खुले में तेज धूप में सड़क किनारे खड़े होने पर मजबूर हो गए हैं। गांव के लोग बस क्यू शेल्टर के पास खाली पड़ी जमीन पर पेयजल के लिए टंकी और पशुओं को पानी पिलाने के लिए एक खोल का निर्माण करना चाहते हैं। गांव का यह समाजसेवा का कार्य भी रुका हुआ है। जोगिंद्र शर्मा ने उपायुक्त अजय कुमार, एसडीएम दलबीर सिंह फोगाट और एनएचएआई अधिकारियों से मांग की है कि जल्द ही इस अवैध कब्जे को हटाया जाए। वहीं साथ लगती खाली जमीन पर गांव के समाजसेवी पानी की टंकी और पशुओं को पानी पिलाने के लिए खेल का निर्माण कर सकें।

### कुताना राजस्व संपदा के चिन्हित खसरा संख्या में जनता न खरीदे प्लॉट

**रोहतक।** उपायुक्त अजय कुमार ने आम जनता का आह्वान किया है कि वे कुताना के राजस्व संपदा के खसरा संख्या 57//6/2 एवं 15/1 में विकसित की जा रही अनाधिकृत कॉलोनी में प्लॉट इत्यादि में अपने जीवन की जमा पूंजी निवेश न करें। ऐसी अनाधिकृत कॉलोनी के विरुद्घ जिला प्रशासन द्वारा समय-समय पर अभियान चलाया जाता है। यह अनाधिकृत कॉलोनी नगर योजनाकार विभाग से लाइसेंस/सीएलयू/एनओसी लिए बिना ही विकसित की जा रही है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को भी निर्देश दिए है कि वे इस खसरा संख्या में कोई भी सेल डीड/ बिक्री एग्रीमेंट/ फुल पेमेंट एग्रीमेंट/पॉवर ऑफ अटॉर्नी पंजीकृत न करें।



### श्री बालाजी धाम पर संकीर्तन

**रोहतक।** श्री बालाजी धाम गांव डोभ पर श्री बालाजी का संकीर्तन हुआ। भजन गायक पवन पाठक, पूजा शाह, कविता, अशोक कुमार ने बालाजी महाराज के सुन्दर सुन्दर भजनों का गुणगान किया। रिंकू महादेव ने सुन्दर-सुन्दर झांकियां प्रस्तुत की। मंच संचालन विनोद गुप्ता ने किया। संस्थापक प्रधान पुरूषोत्तम दास बंसल ने बताया कि हर महीने पूर्णिमा को निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जाता है।इस अवसर पर आजाद सिंह कुंडू, रमेश गुप्ता, रवि चिटकारा, पवन सरीन, वशुदेव मित्तल, राजेश गोयल, राकेश गुप्ता, संदीप गुप्ता, पंडित नरेश कौशिक, अमित कौशिक आदि उपस्थति रहे।

## माउंट एवरेस्टर सचिन कुमार का खरक जाटान पहुंचने पर किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



माउंट एवरेस्ट सहित दो चोटियों पर ध्वज फहराने वाले सिपाही सचिन कुमार का गांव खरक जाटान में पहुंचने पर जोरशोर से स्वागत किया गया। उनकी जीत पर परिवार और ग्रामीणों में खुशी का माहौल है। सचिन कुमार चंडीगढ पुलिस में बतौर सिपाही नौकरी करते हैं। वे कई सालों से पर्वतारोहण में जीजान से जुटे हुए हैं। बेसिक माउंटेनियरिंग और एडवांस माउंटेनियरिंग कोर्स के साथ ही भारतवर्ष की 11 के आसपास 15000 फुट से 23023 फुट तक की चोटियां क्लाइंब की हुई हैं। अब 2 अप्रैल 2024 को सचिन कुमार नेपाल में विश्व की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट व विश्व की चौथी सबसे ऊंची चोटी ल्होत्से पर क्लाइंब करने पहुंचे। जहां दो माह दो दिन बाद दोनों चोटियों पर सफलतापूर्वक क्लाइंब करके राष्ट्रीय ध्वज फहराया। यह पूरे भारतवर्ष और क्षेत्र वासियों के लिए खुशी का मौका था। सचिन कुमार को नौकरी की व्यस्तता के कारण पहले कर्मभूमि चंडीगढ़ में पहुंचना पड़ा। जहां उनका भव्य स्वागत किया गया। पूरे जोश और गाजे बाजे के बाद शुक्रवार को सचिन कुमार का उनके परिवारजनों, ग्राम खरक जाटान व साथ लगते गांव से बैंसी, गुगाहेड़ी, अजायब, खुडाली के साथ खत्री खाप प्रधान, खत्री खाप के सभी गणमान्य व्यक्तियों ने उनका स्वागत किया।

## केंद्रीय मंत्रियों व नवनिर्वाचित सांसदों का करेंगे स्वागत

- महंत सतीश दास ने संगठन महामंत्री फणीनंद्र नाथ शर्मा को दिया आश्वासन
- सतगुरु कुटिया में भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम



**महम।** सतगुरु कुटिया में आयोजित बैठक में राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा का स्वागत करते भाजपा संगठन महामंत्री फणींद्रनाथ शर्मा, उनके साथ मौजूद महंत सतीश व अन्य पार्टी कार्यकर्ता।

महम स्थित सतगुरु बाबा की कुटिया में भाजपा कार्यकर्ताओं की एक बैठक हुई। जिसके संयोजक महम क्षेत्र के भाजपा नेता महंत सतीश दास रहे। बैठक को भाजपा के संगठन महामंत्री फणीनंद्र नाथ शर्मा और राज्य सभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा ने संबोधित किया। इस दौरान महंत सतीश दास ने भाजपा की टिकट के लिए हलका महम से अपनी दावेदारी पेश की। उन्होंने कहा कि वे चुनाव लड़ने के इच्छुक हैं और भाजपा की झोली में महम से एक कमल देने का काम करेंगे। सतीश दास ने कहा कि रविवार को रोहतक में होने वाले केंद्रीय मंत्रियों और नवनिर्वाचित सांसदों का स्वागत किया जाएगा। हलका महम से सैकड़ों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता स्वागत समारोह में पहुंचेंगे। राज्य सभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा ने कहा कि आने वाले विधानसभा चुनाव में भाजपा कार्यकर्ता मजबूती के साथ लड़ेगा और महम चौबीसी में पहली बार कमल खिलाएगा। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में जो भी चूक रही उससे सीख लेकर भारतीय जनता पार्टी मैदान में उतरेगी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तर्ज पर तीसरी बार प्रदेश में सरकार बनाएगी।

#### महंत सतीश दास की कार्यप्रणाली की सराहना की

सांसद रामचंद्र जांगड़ा ने महंत सतीश दास की कार्यप्रणाली की सराहना की और कहा कि उनका राजनीतिक भविष्य काफी उज्जवल है। भाजपा के संगठन महामंत्री फणींद्र नाथ शर्मा ने कहा कि सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर महम क्षेत्र में कमल का फूल खिलाने का काम करें।।अपना बूथ मजबूत करने के लिए आज ही से लग जाएं। इस मौके पर भाजपा नेता अजीत अहलवात, प्रदेश उपाध्यक्ष सुनीता डांगी, मीना वाल्मीकि, मनोज फरमाना, ब्लॉक समिति सदस्य प्रशांत रांगी आदि रहे।

## 24 को मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना के लाभार्थियों का निकाला जाएगा ड्रॉ ऑफ लॉट्सः उपायुक्त

- रोहतक सहित 14 जिलों के लाभार्थियों का निकाला जायेगा ड्रॉ- रोहतक के 3070 लाभार्थियों को दिए जायेंगे 30-30 गज के प्लॉट- मुख्यमंत्री 26 जून को लाभार्थियों को वितरित करेंगे अलॉटमेंट लेटर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



**रोहतक।** ड्रॉ ऑफ लॉट्स कार्यक्रम की तैयारियों की अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक लेते हुए उपायुक्त अजय कुमार।

हरियाणा सरकार द्वारा हाउसिंग फॉर ऑल विभाग द्वारा मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना के तहत ऑनलाइन आवेदन करने वाले आवेदकों को 30-30 गज के प्लॉट अलॉट किए जाएंगे। इसके लिए 24 जून को प्रदेश के 14 जिलों में ड्रॉ ऑफ लॉट्स निकाला जाएगा, जिनमें रोहतक जिला भी शामिल है। जिला में 3070 लाभार्थियों को यह प्लॉट अलॉट किए जाएंगे। उपायुक्त अजय कुमार स्थानीय कैंप कार्यालय में 24 जून को आयोजित होने वाले ड्रॉ ऑफ लॉट्स कार्यक्रम की तैयारियों की अधिकारियों के साथ समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 24 जून को स्थानीय मदवि स्थित टैगोर ऑडिटोरियम में ड्रॉ ऑफ लॉट्स कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। प्रदेश सरकार द्वारा गत सितंबर-अक्टूबर माह के दौरान इस योजना के तहत ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए थे। उपायुक्त अजय कुमार ने कहा कि योजना के पात्रों में एक लाख 80 हजार रुपये से कम आमदनी वाले शहरी परिवार शामिल है। योजना के तहत 24 जून को तीन श्रेणियों घुमंतू जाति, विधवा तथा अनुसूचित जाति के लाभार्थियों के लिए ड्रॉ ऑफ लॉट्स निकाला जाएगा। मुख्यमंत्री नायब सिंह 26 जून को इन लाभार्थियों को अलॉटमेंट लेटर वितरित करेंगे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे सभी आवश्यक प्रबंध करना सुनिश्चित करें।

### प्लाजा के बाहर खड़ा दो-पहिया वाहन चोरी

**सोनीपत।** कुंडली थाना क्षेत्र में प्लाजा के बाहर खड़े दो-पहिया वाहन के चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। गांव सेवली निवासी आशीष ने बताया कि वह असंल प्लाजा में नौकरी करता है। वह डयूटी पर अपने दो-पहिया वाहन में गया। वाहन को प्लाजा के बाहर खड़ा कर दिया। उसके बाद वह डयूटी पर चला गया। किसी ने उसकी बाइक को चोरी कर लिया। अपने स्तर पर बाइक की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी।



### सीपीआई (एम) लड़ेगी विधान सभा चुनाव

**रोहतक।** सीपीआई (एम) आगामी विधान सभा चुनाव को मजबूती से लड़ेगी। यह फैसला भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) की राज्य कमेटी बैठक में लिया गया। बैठक में पार्टी के पोलिट ब्यूरो सदस्य कामरेड निलोत्पल बसु व केन्द्रीय कमेटी सदस्य डॉ के हेमलता ने भी हिस्सा लिया। पार्टी राज्य सचिव कामरेड सुरेंद्र मलिक ने कहा कि लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन ने राज्य में भाजपा को हराने का काम किया है। विधान सभा की 46 सीटों पर गठबंधन ने लीड ली है। आगामी विधानसभा चुनाव में यह लीड कायम रहे, इसके लिए गठबंधन की प्रमुख विपक्षी पार्टी कांग्रेस को पहलकदमी करनी चाहिए। सभी धर्मनिरपेक्ष और सेक्युलर पार्टियों को साथ लेकर आगामी विधान सभा चुनाव में उतरना चाहिए। यदि इस दिशा में कोई कदम नहीं उठाया जाता है तो सीपीआई (एम) अन्य लेफ्ट पार्टियों को साथ लेकर विधान सभा चुनाव में उतरेगी। इसके लिए सभी जिलों में जून अंत तक कार्यकर्ता सम्मेलन किए जाएंगे।

## सरकारी बसों के चालकों व परिचालकों को मिल रही जान से मारने की धमकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

हरियाणा रोडवेज की बसों के चालकों व परिचालकों को प्राइवेट बस के एक मालिक द्वारा जान से मारने की धमकी दी जा रही है। सरकारी बस के चालकों व परिचालकों ने सोनीपत बस डिपो महाप्रबंधक को लिखित रूप में शिकायत देकर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

चालक बिल्लू, धर्मेंद्र, शोभराम, राजेश व परिचालक कुलदीप, रोहतास, सुनील, दलबीर ने अपनी शिकायत में कहा है कि वे सरकारी बसों को सोनीपत से रोहतक रूट पर चलाते हैं। इस रूट पर प्राइवेट बस भी चलती है। प्राइवेट बस का एक मालिक सरकारी बसों को रास्ते में रोककर चालकों व परिचालकों के साथ गाली गलौच करते हुए हाथ पैर तोड़ने और जान से मारने की धमकी दे रहा है। इतना ही नहीं सरकारी बसों को समय होने पर उसके काउंटर पर नहीं लगाने दिया जा रहा है। जिससे न केवल उनके मान-सम्मान को ठेस पहुंच रही है, बल्कि सरकारी कार्य में बाधा डाले जाने से विभाग को आर्थिक हानि हो रही है। प्राइवेट बस मालिक के खिलाफ कानूनी व विभागीय कार्रवाई की जाए, ताकि सरकारी बसों के चालक व परिचालक विभाग के हित सुरक्षित रख पाएं और अपने कर्तव्य को ठीक से निभा पाएं।

### छात्रों का आंदोलन कामयाब रहा, 30660 रुपये की की जगह अब छात्रों को 9542 देने होंगे

# एमडीयू ने बढ़ी हुई फीस घटाई, छात्रों को मिली बड़ी राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए राहत भरी खबर है। छात्रों का आंदोलन कामयाब रहा। शनिवार को एमडीयू ने बढ़ाई हुई फीस वापस ले ली है। अब बीए अंग्रेजी, इतिहास, लोक प्रशासन और संस्कृत पाठ्यक्रमों के लिए 30 हजार 660 नहीं बल्कि 9542 रुपये फीस देनी होगी। इसी तरह बीएससी जेनेटिक्स, गणित और सांख्यिकी पाठ्यक्रम की फीस 40 हजार 660 रुपये की गई थी, अब छात्रों को इन पाठ्यक्रमों में पढ़ाई के लिए सिर्फ 9622 रुपये फीस देनी होगी। एमडीयू ने छात्र आंदोलन और शिक्षामंत्री के हस्तक्षेप के बाद करीब चार गुना फीस बढ़ाने वाला निर्णय रद कर दिया है। इस संबंध में संशोधित फीस का विवरण एमडीयू वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा। बता दें कि फीस बढ़ाने के बाद छात्र संगठन लगातार आंदोलन कर रहे थे।

#### फीस संरचना में किया संशोधन

फीस संरचना में संशोधन का निर्णय लिया है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने विभिन्न चार वर्षीय स्नातकीय पाठ्यक्रमों की प्रस्तावित फीस संरचना पर पुनर्विचार कर यह निर्णय लिया है। संप्रति यह निर्णय लिया गया है कि फीस स्ट्रक्चर को पूर्ववर्ती पंचवर्षीय समेकित पाठ्यक्रमों के प्रथम वर्ष की फीस के समतुल्य ही रखा जाएगा। एमडीयू प्रशासन ने विद्यार्थी समुदाय के हितों को हमेशा ध्यान में रखा है और आगे भी रखेगा।
-प्रो. गुलशन लाल तनेजा, विश्वविद्यालय के कुलसचिव, मदवि

#### ऐसे महंगी की गई थी पढ़ाई

पहले इंटीग्रेटेड कोर्स जिसमें 5 साल में ग्रेजुएशन व पोस्ट ग्रेजुएशन दोनों हो जाती थी, जैसे एमए इकोनॉमिक्स, एमए इंग्लिश, एमए हिस्ट्री, एमएससी गणित, एमए हिंदी, एमए पब्लिक एड जिनकी फीस सालाना 8500 थी और लगभग 42 हजार में पोस्ट ग्रेजुएशन हो जाती थी, नई शिक्षा नीति के तहत ये कोर्स 4 साल के कर दिए गए, जिनमें केवल ग्रेजुएशन डिग्री मिलेगी, पोस्ट ग्रेजुएशन अलग से होगी, जिनकी फीस प्रतिवर्ष 30660 कर दी गई थी। इसी तरह बीएससी गणित, बीएससी जेनेटिक्स, बीकॉम, बैचलर ऑफ फाइन आर्ट, बीसीए व होटल मैनेजमेंट जिनकी फीस बढ़ाकर 61000 कर दी गई थी।

#### फीस स्ट्रक्चर कमेटी की बैठक हुई

फीस बढ़ौतरी को लेकर 21 जून को डीन, एकेडमिक एफेयरस प्रो. एएस मान की अध्यक्षता में विश्वविद्यालय की फीस स्ट्रक्चर कमेटी की बैठक की गई। इसमें फीस संरचना के मामले पर चर्चा हुई। विभिन्न छात्र संगठनों से प्राप्त आवेदनों व ज्ञापनों पर भी विचार हुआ। साथ ही 13 जून और 19 जून को हरियाणा सरकार के उच्चतर शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित बैठक में हुए मंथन को भी ध्यान में रखा गया।

#### केंद्रीय मंत्री के सामने प्रदर्शन की चेतावनी थी

रोहतक में 23 जून को केंद्रीय शिक्षामंत्री सहित कई नेता आने हैं। संयुक्त छात्र संघर्ष समिति के दीपक धनखड़ ने चेतावनी दी थी कि एमडीयू ने बढ़ाई हुई फीस वपस नहीं ली तो केंद्रीय मंत्री के सामने प्रदर्शन किया जाएगा। इसके बाद शनिवार को ही एमडीयू ने फीस वापस का फरमान वापस ले लिया। यह छात्र आंदोलन की जीत है। प्रदर्शन की चेतावनी देने के बाद एमडीयू प्रशासन ने पुलिस अधिकारियों के माध्यम से नई फीस का स्ट्रक्चर भेजा।

## खबर संक्षेप

### डिफॉल्टर लिस्ट में नाम आना दुर्भाग्यपूर्ण : मलिक

**रोहतक।** गौरतलब है कि यूजीसी ने डिफॉल्टर यूनिवर्सिटीज की लिस्ट जारी की है उनमें हरियाणा की दो सरकारी विश्वविद्यालय का नाम भी हैं।



इनसो नेता दीपक मलिक ने कहा सरकारी विवि का डिफॉल्टर विवि की लिस्ट में नाम आना बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है।

### 'हमें राष्ट्र की चुनौतियों का समाधान करना है'

**रोहतक।** हमें राष्ट्र की चुनौतियों का समाधान करना है। जहां हमारा देश ऊर्जा संकट, जल संकट जैसी चुनौतियों से जूझ रहा है वहीं राष्ट्रविरोधी शक्तियां भी मुखर है। सजग समाज ही देश के भीतर पनप रही चुनौतियों का समाधान कर सकता है। ये विचार आर्य वीर दल के तत्वाधान आर्य नगर स्थित वैदिक भक्ति साधन आश्रम में आयोजित आर्य वीर प्रशिक्षण शिविर के पांचवें दिन बौद्धिक प्रशिक्षण के दौरान सतीश सिंधवानी ने व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि धर्मांतरण, लव जिहाद, वामपंथ और नास्तिकता जैसी विकृतियां सामाजिक स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हैं। यातायात के नियमों की जानकारी रखनी चाहिए और उनका पालन करना चाहिए।

# नशा तस्कर युवाओं को बना रहे हैं नशे के आदी : दलाल

## राजीव गांधी खेल परिसर में अग्निवीर युवाओं को नशे के दुष्परिणामों से करवाया अवगत

नशे में ग्रस्त हो चुके लोगों का नि:शुल्क उपचार कराया जाता है। प्रत्येक जिले के सरकारी अस्पताल में नशा मुक्ति केंद्र चल रहे हैं



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो यूनिट ने राजीव गांधी खेल स्टेडियम में हरियाणा खेल विभाग की कबड्डी अकादमी के खिलाड़ियों को नशे के विरुद्ध जागरूक किया गया। इसकी अध्यक्षता पुलिस उप अधीक्षक सतेंद्र कुमार व रोहतक यूनिट इंचार्ज इंस्पेक्टर पवन ने की। जागरूकता कार्यक्रम में सहायक उप निरीक्षक देवेंद्र दलाल व सिपाही राजीव ने लगभग 300 अग्नि वीर युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी चाहते हैं कि हमारे बच्चे नशे से दूर रहे। कुछ व्यक्ति जो स्वयं नशा करते हैं वे भी नहीं चाहते कि उनके बच्चे नशा न करें। देवेंद्र दलाल ने नशे के प्रवेश और निगमन बारे लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि कोई भी व्यक्ति यह नहीं चाहता कि उसकी बच्चा किसी भी प्रकार का नशा करें। लेकिन नशे के तस्कर युवाओं को नशे का आदी बना रहे हैं। वहीं इंस्पेक्टर पवन ने कहा कि हरियाणा में नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो का गठन हो चुका है। इस ब्यूरो का एकमात्र उद्देश्य हरियाणा प्रांत को नशा मुक्त करना है। इसके लिए ब्यूरो और हरियाणा पुलिस नशे की तस्करी में संलिप्त अपराधियों को प्रतिदिन सलाखों के पीछे भेजने का कार्य कर रही है। इतना ही नहीं नशे में ग्रस्त हो चुके लोगों का निशुल्क उपचार कराया जाता है। प्रत्येक जिले के सरकारी अस्पताल में नशा मुक्ति केंद्र चल रहे हैं।

### तस्करों की सूचना दें

जागरूकता कार्यक्रम में सहायक उप निरीक्षक देवेंद्र दलाल ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य है कि वह नशा तस्करों की सूचना 90508-91508 पर देकर पुलिस का सहयोग करें। उन्होंने कहा कि गुप्त सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम पूर्ण रूप से गुप्त रहेगा।

### पंजाब के नशा तस्करों में 33 प्रतिशत महिलाएं

इंचार्ज इंस्पेक्टर पवन ने कहा कि इंस्पेक्टर पवन ने कहा कि आज एक और नशे के कारण सबसे अधिक पीड़ित नारी शक्ति है तो दूसरी और वहीं नारी शक्ति न केवल नशे के व्यापार में सहभागिता करती है स्वयं भी नशे के सेवन से पीछे नहीं है। उन्होंने कहा कि एक प्रकाशित लेख के अनुसार पंजाब के अंदर पकड़े गए नशा तस्करों में 33 प्रतिशत महिलाएं संलिप्त थी। उन्होंने कहा विधि अनुसार भारत में कोई भी व्यक्ति अफीम, भांग, गांजा, चरस, हेरोइन, स्मैक, चिट्टा, एलएसडी, नशीली गोलियां, नशीले टीके आदि न अपने पास रखेगा। नशे संबंधित किसी भी प्रकार का सामान रखने वाले खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाती है। हमें नशे का कारोबार करने वाले लोगों की सूचना संबंधित विभाग को देनी चाहिए।

# बरसी नगर में नहीं पीने का पानी, लोग परेशान

- सरकार ने अमृत योजना के तहत यहां पर सीवर लाइन तो बिछा दी लेकिन आज तक सफाई नहीं करवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

करीब एक साल से बरसी नगर कच्चा सुंदरपुर रोड निवासियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यहां पर न तो पीने पानी की सुविधा है न ही गलियां बनाई गई हैं। सरकार ने अमृत योजना के तहत यहां पर सीवर लाइन तो बिछा दी लेकिन आज तक इन सीवर की सफाई नहीं करवाई गई।

आरडब्ल्यूए प्रधान रमेश खासा का कहना है कि इस बारे में उन्होंने कई बार प्रशासन को शिकायत दी। निगम सहित सीएम विंडों पर शिकायत दी गई, लेकिन कोई समाधान नहीं हो पाया। वे जन स्वास्थ्य विभाग में जाते हैं तो कहां जाता है कि उनकी जिम्मेदारी नहीं है। वह निगम में जाते हैं तो वहां भी कार्रवाई नहीं होती। उन्होंने प्रशासन से समस्या के समाधान की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी है कि समस्या का निवारण नहीं हुआ तो वह आंदोलन को मजबूर हो जाएंगे।

## जिला बनाने की घोषणा का चुनावी फायदा लेना चाहती है बीजेपी : ढांडा

**रोहतक।** आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा ने सीएम नायब की हवा-हवाई और झूठी घोषणाओं पर निशाना साधते हुए कहा बीजेपी लोकसभा चुनावों की हार के डरी हुई है। इसलिए सीएम आनन फानन में आधी-अधूरी और झूठी घोषणाएं कर रहे हैं। बीजेपी सरकार पिछले साढ़े नौ सालों से गोहाना, हांसी, असंध, डबवाली और मानेसर को जिला बनाने की फाइल पर कुंडली मारकर बैठी रही। लेकिन इतने सालों से इस पर कोई काम नहीं किया। क्योंकि बीजेपी की मंशा ही नहीं थी। सीएम ने गोहाना को जिला की घोषणा को फिर नियमों की आड़ में टाल दिया है। उन्होंने कहा कि सीएम ने शनिवार को गोहाना में जाकर भी लटकाने वाली घोषणा की है। इससे क्षेत्र की प्रदेश की जनता में काफी रोष है। उन्होंने कहा कि अब विधानसभा चुनावों से पहले असंध, डबवाली, गोहाना, हांसी और मानेसर को जिला बनाने की तैयारी चल रही है। बीजेपी ने ना शिक्षा के लिए काम किया, ना जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं दी।



**रोहतक।** संत कबीर के चित्र पर फूल माला अर्पण कर उनको नमन करते हुए महाराजा अग्रसेन विकास ट्रस्ट के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

## संत शिरोमणि कबीर को किया नमन

**रोहतक।** महाराजा अग्रसेन विकास ट्रस्ट द्वारा द्वारा निशुल्क अग्रवाल वैवाहिक परिचय सेवा केंद्र में संत कबीर जयंती धूमधाम के साथ बनाई गई। सभी संत कबीर के चित्र पर फूल माला अर्पण कर उनको नमन किया। ट्रस्ट के प्रधान सुशील गुप्ता ने कहा कि कबीर दास हिंदी साहित्य के निर्गुण भक्ति शाखा के प्रमुख कवि थे। इस अवसर पर संयोजक अशोक कुमार गुप्ता, देशराज बंसल, लोकेश जैन, मुकेश गुप्ता, सुरेश तायल, राधेश्याम गुप्ता, अशोक कुमार गुप्ता, गणपत राय गोयल आदि उपस्थित रहे।



## पीजीआई में मनाई संत कबीरदास जयंती

**रोहतक।** पीजीआईएमएस में अनुसूचित जाति जनजाति कर्मचारी कल्याण संघ द्वारा संत कबीरदास की जयंती प्रधान अशोक कांगड़ा की अध्यक्षता में मनाई गई। इस अवसर कांगड़ा ने कहा कि हमें संत महात्माओं के द्वारा बताए मार्ग पर चलना चाहिए, उनके विचारों का अनुसरण करना चाहिए। कबीर ने हमेशा पाखंड का भंडा फोड़ किया है। इस अवसर पर संजय पोड़िया, अजीत कुमार, धर्मपाल, जग मोहन, सूरज मल, दीपक, देवेंद्र तंवर, सुभाष, सोनू, सुशील, देव, कार्तिक, कशिश, वंश मौजूद रहे।

# राज्य स्तरीय समारोह में 35 बसों में पहुंचे लोग

- महान संत कबीर दास जी की जयंती पर कार्यक्रम का किया गया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक



विश्व को प्रेम व मानवता का संदेश देने वाले महान संत कबीर दास की जयंती पर गोहाना में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में जिला के सर्व समाज के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। जिला रोहतक से 35 बसों में लगभग एक हजार व्यक्तियों ने जोश के साथ गोहाना में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में पहुंचकर प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह के संबोधन को सुना।

उपायुक्त अजय कुमार ने बताया कि जिला प्रशासन एवं सूचना, जनसंपर्क, भाषा तथा संस्कृति विभाग की ओर से समारोह में जाने वाले लोगों के लिए सभी व्यवस्थाएं की गई। गत दिनों विभाग के महानिदेशक मनदीप सिंह बराड़ ने संत कबीर दास जयंती की तैयारियों के संदर्भ में आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किये थे। उपायुक्त ने बताया के प्रदेश सरकार द्वारा संत महात्माओं की शिक्षा व विचारों को आमजन तक पहुंचाने के लिए संत महापुरुष सम्मान एवं विचार प्रचार-प्रसार योजना क्रियान्वित की जा रही है। इस योजना के तहत संतों और महापुरुषों के साथ-साथ वीर-वीरांगनाओं की शिक्षा और संदेशों को जन-जन तक पहुंचाया जा रहा है। गोहाना में महान संत कबीर दास जी की जयंती के पर राज्य स्तरीय समारोह आयोजित किया गया था।

# पौधरोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

- गांव खरावड़ में नरेंद्र कुमार (पिंकू) की बेटी राधिका शर्मा के जन्मदिन पर रेलवे रोड के दोनों तरफ 51 से ज्यादा पौधे लगाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक



पर्यावरण संरक्षण गतिविधि की तरफ से एक पेड़ देश के नाम अभियान के अंतर्गत गांव खरावड़ में नरेंद्र कुमार ( पिंकू ) की बेटी राधिका शर्मा के जन्मदिवस पर रेलवे रोड के दोनों तरफ 51 से ज्यादा पौधे लगाए गए। सरपंच प्रतिनिधि दीपक मलिक, सहदेव हुड्डा, सुरेंद्र दलाल, श्रीभगवान मुंगान, संदीप कंसाला, सचिन बखेता, योगेश गांधरा, राजबीर दहिया, शिव कुमार, मनजीत सह जिला संयोजक पर्यावरण संरक्षण गतिविधि, संजय मलिक जिला संयोजक पर्यावरण संरक्षण गतिविधि, इंद्रजीत विभाग प्रमुख विश्व हिंदू परिषद, प्रमोद, देवेंद्र, नवीन, संदीप, बबलू, देव कुमार, दीपक शर्मा, ढीलू, वीरेंद्र, मीनू, आनंद व नरेंद्र आदि का इस कार्य में सहयोग रहा। पौधे लगाने के बाद उनकी देखभाल, सुरक्षा व संरक्षण के लिए ट्री गार्ड भी लगाए गए। दीपक मलिक ने कहा कि बेटी के जन्मदिवस पर पेड़ लगाकर अच्छा उदाहरण पेश किया है। परिवार में जितने भी खुशी के मौके हों उन पर भी हमें वृक्ष लगाने चाहिए और उनकी देखभाल करनी चाहिए।

# नालों की सफाई का कार्य 30 तक करना होगा पूरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक





नगर निगम ने मौसम में हुए फेरबदल को देखते हुए नालों की सफाई के कार्य में तेजी लाने के आदेश दिए हैं। इसके तहत रोजाना सुबह से शाम तक अभियान चलाकर 30 जून तक काम पूरा करना होगा। शनिवार को निगम की अलग-अलग टीमों ने शीला बाईपास, ताऊ नगर, झज्जर चुंगी से सुनारियां चौक, सुभाष रोड, स्ट्रोम वाटर लाइन जाट भवन, बोहर के पास स्थित नाले की सफाई की।

इसके अलावा दूसरी टीमों ने किला रोड, माल गोदाम रोड, सुखपुरा चौक से हैफेड तक और छोटूराम चौक से कैनाल रेस्ट हाउस चौक तक नालों की सफाई करवाई। रविवार को भी सफाई अभियान चलाया जाएगा। याद रहे उपायुक्त अजय कुमार विगत सप्ताह लघुसचिवालय में समाधान शिविर में समस्याएं सुन रहे थे। इस दौरान पूर्व मेयर मनमोहन गोयल, पूर्व सीनियर डिप्टी मेयर राजकमल सहगल, पूर्व पार्षद अशोक खुराना सहित शहर के व्यापारियों ने शिकायत की थी। इसमें कहा गया था कि मानसून सिर पर है नालों, सीवर की सफाई नहीं करवाई गई है। इस वजह से बरसात के दिनों में बड़े स्तर पर जलभराव हो सकता है जिससे न केवल रिहायशी कॉलोनियों में पानी भर जाएगा बल्कि व्यापार चौपट हो जाएगा। इसके बाद उपायुक्त एवं निगम आयुक्त अजय कुमार ने निगम के अधिकारियों को आदेश दिए थे कि तत्परता से टेंडर लगाकर सफाई का कार्य शुरू करवाया जाए। इसके बाद 49 लाख का टेंडर देने के बाद 19 जून से सफाई का कार्य करवाया जा रहा है।

## डीएसपी आज करेंगे एमटीएफसी संस्कार केंद्र का उद्घाटन

**रोहतक।** इंदिरा कॉलोनी स्थित पुलिस चौकी में रविवार को एमटीएफसी संस्कार केंद्र खोला जाएगा। जिसका उद्घाटन डीएसपी हैडक्वार्टर रवि खुंडिया करेंगे।



यह जानकारी संस्था के प्रधान नरेश ढल ने दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 10:30 बजे किया जाएगा। संस्था प्रधान नरेश ढल ने बताया कि वह कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करेंगे। उन्होंने बताया कि 11 फरवरी को रैनकपुरा स्थित एमटीएफसी संस्कार केंद्र की विजिट की गई थी। वहां के बच्चों में आए बदलाव को देखकर ही उन्होंने इंदिरा कॉलोनी में रहने वाले बच्चों पर काम करने के लिए कहा। उसके बाद से ही बच्चों को शिक्षित करने का काम शुरू हो गया। पुलिस प्रशासन के सामूहिक सहयोग और स्वयंसेवकों द्वारा की गई मेहनत का ही परिणाम है।

### 15 दिन में नई वर्किंग बॉडी का किया जाएगा गठन

# शोरी क्लॉथ मार्केट प्रधान पद पर 5वीं बार निर्विरोध चुने गए गुलशन ईशपुनियानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक



शोरी क्लॉथ मार्केट में चुनाव के चलते आखिरकार चौधर का फैसला हो गया। गुलशन ईशपुनियानी को पांचवी बार निर्विरोध चुना गया। प्रधान चुने जाने के बाद गुलशन ईशपुनियानी का जोरशोर से स्वागत किया गया। प्रधान ने कहा कि उन पर जो भरोसा जताया गया है, वह उस पर खरा उतरेंगे। जल्द ही 15 दिन के अन्दर नई वर्किंग बॉडी का गठन किया जाएगा। एसोसिएशन के जरनल सेक्रेटरी विनित जैन ने बताया की 15 दिन पहले चुनाव की घोषणा की गई थी। जिसमें चुनाव लड़ने के इच्छुक व्यक्ति को अपना समर्थन और सिक्योरिटी के रुप में चेक 15 जून तक जमा करवाकर नोमिनेशन फार्म के लिए आवेदन करना था। नोमिनेशन फार्म 18 जून को कार्यालय से प्राप्त करना था। 22 जून को वोटिंग होना तय किया गया था। चुनाव में सिर्फ एक ही नामांकन गुलशन ईशपुनियानी का ही आया था। कैशियर नरोत्तमदास चावला ने बताया की मार्केट के प्रधान पद के लिए सिर्फ गुलशन ईशपुनियानी का नामांकन आने से उनकी जीत पहले ही निश्चित हो गई थी। चुनाव की वोटिंग का दिन 22 जून था। मार्केट के उपप्रधान ईशवर ने बताया कि संविधान के अनुसार प्रधान पद का चुनाव 2 ही तरीकों से हो सकता था। गुलशन निझावन ने अपने कार्यकाल में मार्केट में बहुत ही सराहनीय कार्य करवाए हुए हैं। वह हमेशा व्यापारियों के हित के लिए संघर्ष करते रहे हैं। इसलिए उन्हें पांचवीं बार निर्विरोध प्रधान चुना गया।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर मुख्य रुप से ईशवर अहुजा, नरोतम दास चावला, विजय कुमार, ईशवर मित्तल, सुनील मलिक, सुरेश सिंगल, पंकज छाबरा, बंटी बलहोटीया, डीपी सिंधवानी, प्रेम मखीजा, मनोहर खुराना, असीम सिन्ध्वानी, सतीश गर्ग, हरीश ईशपुन्यानी, कमल परुथी, जवाहर परुथी, मुकंद लाल,सोमनाथ सचदेवा, कुलदीप मित्तल, रविन्दर बंसल, पंकज मिग्लनी, संजय परुथी, सोम नाथ,नरेश तयल,यशपाल अरोरा,कमल परुथी ,मुरारी लाल,ओम प्रकाश गर्ग, अशोक गर्ग,हरीश अरोरा ,राजू गोयल, रविन्दर बंसल ,गौरव जैन, अशोक गिरधर, मिन्टु अनेजा आदि मौजूद रहे।

## मेडिकल मोड़ से बाइक चोरी, मामला दर्ज

**रोहतक।** दिल्ली रोड स्थित मेडिकल मोड़ से बाइक चोरी हो गई। पीजीआई थाना पुलिस ने केस दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है। हरेंद्र ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह गांव अकेहडी मदन पुरा जिला झज्जर का रहने वाला हूं। मेरा लड़का शक्ति 18 जून को मेडिकल मोड पर दवाई लेने आया था। इस दौरान मेरे लड़का बाइक को खड़ी करके दवा लेने चला गया। दवा लेकर वापिस आया तो मोटरसाइकिल नहीं मिली। पुलिस ने केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

### सूचना

मैं, वेदपाल पुत्र श्री नफे सिंह निवासी बोहर (पार्ट) (68) रोहतक-124021 (हरियाणा) बयान करता हूं कि मेरा पुत्र हनी सिंह मेरे कहने–सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन–देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

TOP-IN-TOWN रोहतक बाजार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें: विज्ञापन विभाग, हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
मो. 9996959400, 9996985800, 9996965600, 9996954600


मानसरोवर हॉस्पिटल
REQUIRES
❖ COMPUTER OPERATOR 2
❖ CHEMIST SHOP STAFF 2
❖ PHARMACY BILLING STAFF 2
नजदीक पी.एन.बी. बैंक, विकास नगर के सामने, सोनीपत रोड, रोहतक
Tel. :- +91-1262-253500 Mobile: 9254302848, 9053005599

सैक्स समस्याएं
MOST TRUSTED SEXOLOGIST AWARDEE
BHGYASHREE Bollywood Actors
DR. KAWATRA M. 9215161430
निःसंतान दम्पत्तियों
को शादी के सालों साल बाद जब हमारे ईलाज से उन दम्पत्तियों को संतान सुख प्राप्त हुआ, उन लाभार्थ दम्पत्तियों के नाम व पते हमारे पास सुरक्षित हैं।
पुल पार, हिसार रोड, रोहतक 9215161430


Elenta Mart
On Shopping Of ₹1999 & Above ₹7 1 kg sugar
न्यूनतम 6% MRP से कम सभी दिन
1 FREE MOVIE TICKET WITH A PURCHASE OF RS. 3999 OR ABOVE.
MOVIE DHAMAKA OFFER
22 JUNE - 28 JUNE 2024
SCAN TO DOWNLOAD
GET IT ON Google Play
Download on the App Store
DOWNLOAD ELENTA MART APP AND ORDER NOW
COCACOLA / LIMCA / SPRITE / FANTA 2LTR OUR PRICE ₹79
BUY 1 GET 1 FREE ALO FRUIT JUICE
BEST PRICE OUR PRICE ₹149 HAMDARD ROOHAFZA
BUY 1 GET 1 FREE HAMDARD SUGAR FREE ROOHAFZA
BEST PRICE 20% OFF SELECTED VARIANTS REAL FRUIT POWER
BEST PRICE OUR PRICE ₹499 GOPAL JI THANDAI 1KG
20% OFF HITKARY SHARBAT ROSE 700 ML
Vadilal 20% TO 56% OFF ON MRP
BEST PRICE OUR PRICE ₹155 HERSHEY'S SYRUP 623 g
BUY 1 GET 1 FREE YU 100% COCONUT WATER
FREE BUY 1 GET 2 BUY 1 GET 1 JIVO & FRESCA CLUB SODA
BEST PRICE OUR PRICE ₹95 ₹125 RED BULL
BUY 1 GET 3 FREE FRESCA 1LTR
BUY 1 GET 1 FREE GOWARDHAN GULAB JAMUN, RASGULLA 500G
BEST PRICE MRP- 580 MRP- 480 MRP- 360 PRICE ₹359 PREMIUM 20% OFF YELLOW PRICE ₹285 ELAICHI CHAI MARVEL TEA PREMIUM/YELLOW/ ELAICHI FLAVOUR 1KG
BEST PRICE OUR PRICE ₹185 TATA TEA PREMIUM 500g
FORTUNE SOYA OIL 1 LTR. ₹140 OUR PRICE ₹121
PRABHAS GHEE 1 LTR FREE! BUY 1 GET 1 FREE
FORTUNE MUSTARD OIL 1LTR MRP ₹170 OUR PRICE ₹135
VITA GHEE 1LTR MRP ₹660 OUR PRICE ₹559
ANANDA GHEE 900ML + BUNDI FREE OUR PRICE ₹499
MAHAKOSH OIL 1LTR ₹130 OUR PRICE ₹105
ORION CHOCO PIE 20 PCS BUY 1 GET 1 FREE
PARLE BISCUIT SELECTED VARIENTS BUY 1 GET 1 FREE
INDIA GATE FEAST ROZANA 5 KG MRP ₹605 OUR PRICE ₹435
SUNDROP OATS 1KG BUY 1 GET 1 FREE
BORGES PASTA BUY 1 GET 3 FREE
CHUKDE POWDER MASALE SELECTED VARIANTS UPTO 50% OFF
VEEBA, DEL MONTE, CREMICA, TOPS TOMATO KETHUP BUY 1 GET 1 FREE
MARS, BOUNTY, BOURNVILLE RUM & RAISIN CHOCOLATE BUY 1 GET 1 FREE
LAHORI ZEERA 160ML * 24 BOTTLES OUR PRICE ₹182
DIAMOND CHIPS 100G SPECIAL OFFER BUY 1 GET 1 FREE
Aashirvaad atta 10kg ₹459 OUR PRICE ₹405
Fortune atta 10kg ₹445 OUR PRICE ₹365
AMUL BUTTER 500GM MRP ₹285 OUR PRICE ₹265
MUSCLE BLAZE 40% OFF ON MRP
Everest / MDH - MASALE 20% OFF ON MRP
Cadbury BUY 1 GET 1 FREE
PRO NATURE 20% OFF ON MRP
BOURN VITA 1kg MRP ₹442 OUR PRICE ₹375
TRESEMME, DOVE, SUNSILK 1 LTR BUY 1 GET 1 FREE
DABUR ANMOL GOLD COCONUT OIL 600ML BUY 1 GET 1 FREE
BABY HUG adv. @499 ABOVE 40% OFF ON MRP
HIMALYA BABY RANGE SELECTED VARIANTS 50% OFF ON MRP
mamaearth SELECTED VARIANTS UPTO 30% OFF
LOTUS 30% OFF ON MRP
VLCC SELECTED VARIANTS +20% OFF ON MRP BUY 1 GET 1 FREE
STAYFREE SANITARY PADS MRP 190RS MRP 350 RS BUY 2 GET 1 FREE
WE ARE SELLING NON POLISH PULSES ONLY
CHANA DAAL 1KG OUR PRICE ₹101
MOONG DHULI 1KG OUR PRICE ₹125
KALA CHANA 1KG OUR PRICE ₹92
MALKA LAL DAAL 1KG OUR PRICE ₹89
BADAM 1KG OUR PRICE ₹690
KISMISH 1KG OUR PRICE ₹269
PISTA 250G OUR PRICE ₹285
GAIA PRODUCTS SELECTED VARIANT BUY 1 GET 1 FREE
Ariel, Tide LIQUID BUY2 GET 1 FREE
BECO FRONT LOAD/TOP LOAD, 2Ltr. Liquid BUY1 GET 1 FREE
SURF EXCEL MATIC LIQUID TOP/ FRONT LOAD 4Ltr BUY2 GET 1 FREE
SANI FRESH TOILET CLEANER BUY1 GET 1 FREE
MRP-₹205 OXYZEN DISHWASH OUR PRICE ₹69
LIFE BOY / DETTOL HAND WASH 675ML BUY1 GET 1 FREE
2LTR MRP ₹499 PRIL LEQUID DISH WASH OUR PRICE ₹299
3KG MRP ₹390 SURF EXCEL EASY WASH OUR PRICE ₹309
MRP ₹320 FENA 5KG OUR PRICE ₹265
MRP ₹659 TIDE 5 KG OUR PRICE ₹499
UNDER GARMENTS SALE
JOCKEY DISCOUNT 20%
BODYCARE DISCOUNT 20%
LUX cozi DISCOUNT 30%
Bollar DISCOUNT 30%
DISCOUNT 30%
VAN HEUSEN DISCOUNT 20%
U.S. POLO ASSN. DISCOUNT 20%
MACROMAN DISCOUNT 30%
MACHO UNDERWEAR DISCOUNT 30%
Elenta Tower, Adjacent to D2M Hotel, Near New Bus Stand, Rohtak.
+91-8199999480
Rohtak Location
PLEASE BRING YOUR OWN CARRY BAG !
कृपया थैला साथ लेकर आएं।
FOLLOW US ON :
elenta_mart
elenta mart
OPEN 7 DAYS A WEEK | 9AM TO 10PM
. PRICES ARE SUBJECT TO CHANGE WITHOUT PRIOR NOTICE.
TERMS & CONDITION :
*STORE IS FREE TO WITHDRAW ANY SCHEME ANYTIME. *SCHEME VALID ONLY TILL STOCKS LAST*
STORE IS FREE TO DECIDE QUANTITY OR PRODUCT GIVEN UNDER ANY SCHEME *ELENTA MART WILL NOT BE RESPONSIBLE FOR ANY KIND OF MISPRINT IN THE PAMPHLET
*PRODUCT IMAGES ARE FOR ILLUSTRATIVE PURPOSES ONLY *TWO OFFERS WILL NOT BE CLUBBED TOGETHER BESAN & SUGAR SCHEME IS NOT APPLICABLE TO GHEE, EDIBLE OIL, ATTA, SUGAR, AND PAMPHLETS OFFER ITEMS.
*All Products are subject to availability & Some Items/Schemes may not be available at some stores. *Some offers may not be applicable on online shopping.

# आज पर टिकी होती है हमारी भविष्य की जिंदगी

कवर स्टोरी
शिखर चंद जैन





यह सही है कि भविष्य में कुछ भी निश्चित नहीं लेकिन आने वाले कल का बहुत कुछ ऐसा होता है, जिसे हम आज ही निर्धारित कर सकते हैं। वो कौन-सी प्रवृत्तियां हैं, कौन-सी स्वभावगत विशेषताएं हैं, जिनमें बदलाव लाना या जिन्हें सही दिशा देना जरूरी है, इस बारे में जानकर हम निश्चित ही आने वाले जीवन को बेहतर बना सकते हैं।

आपको अगर अपने उगाए पेड़ों से आम, अमरूद, नीबू, केला, टमाटर या कोई भी फल सब्जी खानी है तो उसे कब उगाएंगे? जाहिर है, आप जब भी इन्हें उगाएंगे उसके कुछ दिनों, हफ्तों, महीनों या बरसों बाद आपको अपेक्षित फल मिलेंगे। ठीक इसी प्रकार आपको अपना भविष्य उज्ज्वल, खुशहाल, सहज और सुविधाजनक चाहिए तो उसके लिए कुछ कोशिशें आज से ही शुरू करनी होंगी। इन कोशिशों में आपके नजरिए, स्वभाव और आदतों में परिवर्तन भी शामिल है।

## करें भविष्य का आकलन

हालांकि जीवन और दुनिया परिवर्तनशील और अनिश्चित है लेकिन इसमें कुछ चीजें कभी नहीं बदलेंगी। जैसे लोगों का स्वभाव, खान-पान संबंधी मूल आदतें, मानवीय गुण-दोष। इन्हीं के आधार पर भविष्य के लिए अपने प्रोफेशनल या कारोबारी निर्णय लें। मॉर्गन हाउसेल ने अपनी बेस्ट सेलर पुस्तक 'सेम एज एवर' में लिखा है, 2050 में दुनिया चाहे जैसी हो, लोग तब भी लाभ, भय, अवसर, शोषण, जोखिम, अनिश्चितता, जुड़ाव से संचालित होंगे, जैसे आज होते हैं। तब भी हर कोई सुरक्षित भविष्य चाहेगा, आशंकाओं से घबराएगा और खाने में कुछ चीजें तब भी लगभग हर कोई खाएगा।' शायद यही कारण है कि वारेन बफेट जैसा बड़ा उद्यमी बीमा कंपनियों, बबलगम, टोमेटो केचप जैसी ट्रेडिशनल कंपनियों में निवेश करते रहे हैं।

## रखें स्पष्ट-तार्किक सोच

हमें जीवन में रोजाना कुछ छोटे-बड़े निर्णय लेने पड़ते हैं। इन्हीं के सही गलत होने पर हमारे भविष्य का पूरा दारोमदार होता है। अगर हम अपनी निर्णय क्षमता को स्पष्ट और तार्किक बनाना सीख लें तो हमारा आने वाला कल निश्चित रूप से अच्छा ही होगा। सही निर्णय लेने की कला स्कूली पढ़ाई से नहीं बल्कि अच्छे लोगों की सलाह, जीवन के अनुभवों और व्यावहारिक ज्ञान पर निर्भर करती है। सबसे पहले आपको उन क्षणों को पहचानना सीखना चाहिए, जो आपके जीवन को बदलने में सक्षम हैं। किसी भी घटना, स्थिति या व्यक्ति के व्यवहार पर बिना सोचे त्वरित प्रतिक्रिया न दें। बल्कि सोच-समझ कर तर्क के आधार पर निर्णय लें। भावनात्मक प्रतिक्रिया देने के बजाय विवेक से काम लें।

## विश्वास और शत्रुता सीमित हो




आपने कई पौराणिक, ऐतिहासिक कथाएं पढ़ी होंगी। अपने परिवार या आस-पास के उदाहरण देखे होंगे और हो सकता है कभी आपको भी अनुभव प्राप्त हुआ हो कि किसी भी व्यक्ति से शत्रुता खतरनाक स्तर पर पहुंच जाए तो मानसिक अशांति के साथ-साथ जान से हाथ धो बैठने और भारी आर्थिक नुकसान होने का जोखिम बढ़ जाता है। ठीक इसी प्रकार जब हम किसी को अपना परम मित्र और हितैषी मानकर उसे अपनी जिंदगी का हर छोटा-बड़ा राज बता देते हैं और जरूरत से ज्यादा विश्वास करने लगते हैं तो कभी-कभार हमें भारी नुकसान उठाना पड़ता है। ऐसा ना हो इसके लिए किसी से अत्यधिक शत्रुता या किसी पर अंधविश्वास करने से बचना चाहिए।


## धोखाधड़ी-शॉर्टकट से बचें

कई बार हम क्षणिक सुख प्राप्त करने के लिए कोई ऐसी बड़ी गलती कर बैठते हैं, जिसके लिए हमें जीवन भर पछताना पड़ता है। अवैध संबंध, ठगी, चोरी, लूट, ईर्ष्या, किसी का अहित करना या धोखा देकर, नकल करके आगे बढ़ना ऐसे काम हैं, जिनका अंतिम नतीजा सदैव दुखदायी ही होता है। आप ऐसी खबरें देखते, सुनते या पढ़ते होंगे कि कोई बाहुबली, बड़ा राजनीतिज्ञ या अत्यधिक अमीर व्यक्ति भी अर्श से फर्श पर आ जाता है। इस संदर्भ में अब्राहम लिंकन के एक पत्र का सारांश पठनीय है, जो उन्होंने अपने बेटे के स्कूल टीचर को लिखा था। उन्होंने लिखा था, 'आदरणीय टीचर, आप मेरे बेटे को सिखाएं कि मेहनत से कमाया हुआ एक डॉलर सड़क पर पड़े मिलने वाले पांच डॉलर से ज्यादा कीमती होता है। वह दूसरों से ईर्ष्या की भावना मन में ना लाए। मुझे उम्मीद है कि आप उसे बताएंगे कि दूसरों को धमकाना और डराना अच्छी बात नहीं है। नकल करके पास होने से फेल होना ज्यादा अच्छा है। आप उसे सिखाएं कि हर दुश्मन में दोस्त बनने की संभावना भी होती है। इसलिए संयमित व्यवहार करे।'

ये सीखें बेहतर जीवन की चाहत रखने वाले हर किसी के लिए उपयोगी हैं। इसलिए बेहतर और खुशहाल जीवन के लिए इसके सभी पहलुओं का संतुलन साधना बहुत जरूरी है। *

### सीखें लाइफ को बैलेंस करना

**अगर आप** अपने जीवन में अच्छे-बुरे कामों, नतीजों, अपने क्रिया-कलापों पर नजर नहीं रखते हैं तो जीवन की गति बेलगाम घोड़े या ड्राइवर विहीन कार जैसी होगी। जाहिर है, इसके दुष्परिणाम आपको ही भोगने होंगे। जीवन में संतुलन बेहद जरूरी है। काम के साथ स्वास्थ्य, विश्राम, संबंधों और परिवार पर भी ध्यान देना जरूरी है। कोका-कोला के पूर्व सीईओ ब्रायन डायन ने कॉर्पोरेट करियर में 40 साल बिताने के बाद एक स्पीच में कहा था कि काम पर समय से पहुंचें। तल्लीन होकर काम करें लेकिन घर पर भी समय से पहुंचे। हम जीवन में पांच गेंदों की जग्लिंग करते हैं। पहली गेंद काम, दूसरी परिवार, तीसरी स्वास्थ्य, चौथी दोस्ती और पांचवीं गेंद उत्साह से जुड़ी हुई है। काम-काज की गेंद रबड़ की तरह है। यह हाथ से छूट गई तो दोबारा आ सकती है। लेकिन बाकी गेंदें कांच की तरह होती हैं। ये एक बार हाथ से छूटीं तो टूट जाएंगी। पैसा और प्रोफेशन महत्वपूर्ण है लेकिन सब कुछ यही नहीं है। इसलिए परिवार की महत्ता को पूरी तरजीह दें।



# पुरुष भी जरूर करें अपनी हेल्थ केयर



परिवार के अन्य सदस्यों की हेल्थ का पूरा ध्यान रखने वाले पुरुष सदस्य अक्सर अपनी हेल्थ पर ध्यान नहीं देते हैं। सभी पुरुषों को अपनी हेल्थ के प्रति अवेयर करने और हेल्दी लाइफ जीने के लिए 'मेंस हेल्थ मंथ (जून)' इंस्पायर करता है।

अवेयरनेस
डॉ. मोनिका शर्मा

जून महीना पुरुषों की स्वास्थ्य समस्याओं को लेकर सजगता लाने से जुड़ा है। इस माह को 'मेंस हेल्थ मंथ' के रूप में मनाया जाता है। यह महीना, पुरुषों की हेल्थ प्रॉब्लम्स को लेकर जागरूक होने को समर्पित है।

**पारिवारिक सदस्यों की जिम्मेदारी:** परिवार में पिता, दादा, भाई या किसी भी अन्य रिश्ते के रूप में रहने वाले पुरुष सदस्य अगर अपनी सेहत का पूरा ध्यान नहीं रखते हैं तो परिवार के अन्य सदस्यों की यह जिम्मेदारी है, वे उन्हें अपनी हेल्थ को लेकर अवेयर करें। कई तरह की भाग-दौड़ के बावजूद अपनों का स्वास्थ्य सहेजने वाली आपा-धापी में उलझे रहने वाले बाबा, पापा, चाचा या भाई को भी उनकी परेशानियों को समझने वाला साथ चाहिए होता है। उनका हाथ थामकर डॉक्टर के पास तक ले जाने और दवा खिलाने के लिए परिवार के सदस्य समय जरूर निकालें, उनकी तकलीफों को लेकर संवेदनशील बनें।



**स्वास्थ्य की अनदेखी:** अध्ययन बताते हैं कि पुरुषों की प्राइमरी हेल्थ केयर के लिए चिकित्सक के पास जाने की प्रवृत्ति कम होती है। इसी वजह से पुरुषों में हृदय रोग, कैंसर और दुर्घटना में लगी चोटें, उनका जीवन छीनने के तीन प्रमुख कारणों में से एक बनकर सामने आई हैं। इतना ही नहीं पोस्टपार्टम डिप्रेशन जैसी समस्या महिलाएं ही नहीं पुरुष भी झेलते हैं। उम्र के साथ हार्मोनल बदलावों से जुड़ी परेशानियां पुरुषों के भी हिस्से आती हैं। पैरेंटिंग की यात्रा के उतार-चढ़ाव में पिता भी साझीदार होते हैं। उनकी मनःस्थिति भी बदलती है। कई तरह की चिंताएं उन्हें भी आ घेरती हैं। बावजूद इसके यह जिम्मेदारी निभाने के आयुवर्ग में अधिकतर पुरुष अपनी हेल्थ को लेकर ज्यादा सजग नहीं रहते। अपनों की संभाल का जिम्मा उठाने वाले पिता, पति और बेटे खुद अपनी स्वास्थ्य समस्याओं को सीरियसली नहीं लेते। मन ही मन बहुत सी परेशानियों से जूझते रहते हैं। अपनी तकलीफें बताने के बजाय अपनों की परेशानियों का हल निकालने में जुटे रहते हैं। ऐसे में घर की महिला सदस्य और बच्चे अपने पति, पिता और दादाजी को खुद की देखभाल के लिए प्रेरित भी कर सकते हैं और स्नेह भरा दबाव भी बना सकते हैं। अपने स्वास्थ्य की अनदेखी करने के इस बर्ताव के खिलाफ प्यारी सी जिद ठान सकते हैं। घर के पुरुष सदस्य, अपने बच्चों की बात नहीं टाल पाते हैं।

**स्नेह-साथ आवश्यक:** हमारे सोशल सिस्टम में बहुत सहजता से यह मान लिया जाता है कि घर के पुरुष सदस्यों को साथ, स्नेह और संवेदनशील बर्ताव की दरकार है ही नहीं। खासकर उस आयुवर्ग में जब वे अपनी जिम्मेदारियां संभालने योग्य हो जाते हैं। पिता, पति और बेटे के रूप में परिजनों के लिए हर मोर्चे पर भागम-भाग करने लगते हैं। ऐसे में बड़े होते बच्चों का अपने पिता के प्रति जुड़ाव ही संबल बन सकता है। शारीरिक स्वास्थ्य सहेजने के लिए ही नहीं भावनात्मक मजबूती के मोर्चे पर भी यह स्नेह भरा साथ बहुत आवश्यक है।

**अपनों की भूमिका अहम:** पुरुषों की सेहत से जुड़ी चिंताओं के प्रति अवेयरनेस लाने और बहुत सी स्वास्थ्य समस्याओं की तरफ ध्यान लाने और उसे बेहतर तरीके से प्रबंधित करने के लिए तय किया गया यह विशेष वार्षिक आयोजन (मेंस हेल्थ मंथ) वाकई अहम है। इस दौरान चलाए जाने वाले जागरूकता अभियान, यह भी बताते हैं कि घर के पुरुष मेंबर की हेल्थ संभालने के लिए अपनों की सक्रियता बेहद जरूरी है। अमेरिकी लेखक, राजनीतिज्ञ और डिप्लोमैट बिल रिचर्डसन ने कहा था कि पुरुषों की स्वास्थ्य समस्याओं को पहचानना और उन्हें रोकना केवल पुरुषों का मामला नहीं है। इसका असर पत्नियों, माताओं, बेटियों और बहनों पर भी पड़ता है। इससे स्पष्ट होता है कि पुरुषों का स्वास्थ्य वास्तव में एक व्यक्ति का नहीं पारिवारिक मुद्दा है। इसे गंभीरता से लेना चाहिए। इससे परिवार में खुशहाली आती है। *

प्रिकॉशन
बाल मुकुंद ओझा



खेलों को बच्चों के मानसिक विकास के लिए जरूरी माना जाता है। लेकिन हाल के वर्षों में गेमिंग जोन और ऑनलाइन गेम्स के बढ़ते ट्रेंड से बच्चों में कई हेल्थ प्रॉब्लम्स सामने आने लगी हैं। ऐसे में पैरेंट्स को एलर्ट होने की जरूरत है।

# गेमिंग जोन में खोए बच्चे

बच्चों के लिए बनाए जाने वाले गेमिंग जोन को लेकर इस समय पूरे देश में खासी चर्चा हो रही है। सवाल है, आखिर ये गेम जोन है क्या? इसका चलन देश और विदेशों में इतना क्यों बढ़ने लगा है?

**विदेश से आया ट्रेंड:** गेमिंग जोन की शुरुआत विदेशों में बहुत पहले हो चुकी थी। समय के साथ अन्य तकनीकों की तरह भारत के छोटे-बड़े शहरों में इसका भी विस्तार होने लगा है। गेमिंग जोन एक ऐसी जगह होती है, जहां लोग गेम खेल सकते हैं। इसे अलग-अलग तरह के गेम्स के लिए डिजाइन किया जाता है। भारत में गेमिंग जोन की लोकप्रियता बढ़ रही है। देश में लगभग हर बड़े शहर और मेट्रो सिटीज में आपको गेमिंग जोन मिल जाएंगे।

**कैसे होते हैं गेमिंग जोन:** गेमिंग जोंस में वीडियो गेम्स खेलने के लिए विशेष रूप से गेम्स डिजाइन किए जाते हैं। यह एक अलग क्षेत्र होता है, जो स्पेशल गेमिंग उपकरणों से तैयार किया जाता है। गेमिंग जोन के गेम्स में प्लेयर्स को अधिक तेज और रोमांचक गेमिंग अनुभव प्राप्त करने के लिए स्पेशल फीचर्स डाले जाते हैं।

**बच्चे करते हैं पसंद:** बच्चों को गेमिंग जोन काफी पसंद आते हैं। इसकी वजह यह है कि पिछले कुछ सालों से बच्चों में इंडोर वीडियो गेम और फोन पर गेम्स खेलने की आदत काफी बढ़ गई है। कई मामलों में तो बच्चों को गेम की लत भी लग जाती है और वो चाहकर भी गेम खेलना छोड़ नहीं पाते। इसी तर्ज पर बनाए गए गेम्स जोन, बच्चों को खूब लुभाते हैं। यही वजह है कि छुट्टी के दिनों पर तो मॉल्स में बनाए गए गेमिंग जोन में बच्चों की काफी भीड़ रहती है। बच्चों को इस तरह के गेम्स खेलने में बहुत मजा आता है। इससे उनके शरीर में डोपामाइन नामक केमिकल ज्यादा रिलीज होता है। डोपामाइन एक न्यूरो ट्रांसमीटर है, जो हमारे शरीर के दिमाग को रोमांच, संतुष्टि और खुशी महसूस कराता है। इस वजह से बच्चे ऐसे गेम ज्यादा खेलते है।

**बच्चों की हेल्थ पर बुरा प्रभाव:** ऑनलाइन गेम्स हों, इंडोर गेम्स या गेमिंग जोन के गेम्स, इनकी लत बच्चों की मेंटल हेल्थ पर बैड इफेक्ट डाल सकती है। इससे बच्चों में डिप्रेशन, एंजाइटी जैसी समस्याएं हो सकती हैं। बीते कुछ सालों से इस तरह के कई मामले भी सामने आए हैं, जिसमें गेम की लत ने बच्चों की मानसिक सेहत को प्रभावित किया है। उन्होंने अपने घर की चीजों, सदस्यों या दोस्तों को नुकसान भी पहुंचाया है। ऐसे गेम्स से बच्चों में हिंसक सोच भी बढ़ती है। खराब मेंटल हेल्थ के चलते बच्चों की पढ़ाई और प्रदर्शन प्रभावित होता है। ऐसे गेम्स की लत में बच्चों की मेंटल हेल्थ के साथ-साथ फिजिकल हेल्थ भी बिगड़ती है।



**पैरेंट्स ना करें लापरवाही:** अपने बच्चों को मोबाइल, कंप्यूटर और गेम जोन में खेलते देखकर कई माता-पिता बहुत खुश होते हैं। वे दूसरों को बड़े गर्व के साथ यह बताते तनिक भी नहीं हिचकते कि उनका बच्चा डिजिटल दुनिया के नए जमाने के साथ दौड़ रहा है। लेकिन शायद वे इस बात से अनजान हैं कि जिसे वह बच्चे की स्मार्टनेस समझ रहे हैं, वह उसके विकास में बाधा भी बन सकता है। इसलिए अगर आपके बच्चे भी ऐसे गेमिंग जोन में या ऑनलाइन गेमिंग में अकसर या बहुत ज्यादा समय बिताते हैं तो बिना देर किए आपको इस पर गहनता से विचार करने की जरूरत है। आपका बच्चा ऐसे गेम्स का एडिक्ट हो जाए, उससे पहले ही आपको एलर्ट हो जाना चाहिए। ऐसा न हो कि आपके बच्चे का बचपन गेमिंग जोन के चमक-दमक वाले मायाजाल में कहीं खो जाए। इसलिए इस लत से छुटकारा दिलाने के लिए पहले अपने स्तर पर प्यार से समझाने का प्रयास करें। जरूरत हो तो चाइल्ड काउंसलर या साइकोलॉजिस्ट की मदद भी ले सकते हैं। *

पुस्तक चर्चा / विज्ञान भूषण

## गहन सामाजिक विमर्श

जगमोहन सिंह राजपूत शिक्षाविद तो हैं ही, सामाजिक, राष्ट्रीय और वैश्विक मुद्दों के विचारक भी हैं। हाल में आई पुस्तक 'भारतीय विरासत और वैश्विक समस्याएं (व्यग्रता, उग्रता और समग्रता)' में उनके कई विचारोत्तेजक लेख संकलित हैं। यहां पर लेखक ने कई ऐसी समस्याओं पर विचार किया है, जो केवल एक देश-समाज के लिए ही नहीं संपूर्ण विश्व के लिए चुनौती बने हुए हैं। आज आतंकवाद, सांप्रदायिक उन्माद, असहनशीलता और संवेदनहीनता जैसी समस्याओं का सामना संपूर्ण मानव समाज कर रहा है। ये ऐसी समस्याएं हैं, जिनके निवारण के बिना हम एक सभ्य समाज, विकासोन्मुख देश और बेहतर दुनिया की उम्मीद नहीं कर सकते हैं। अच्छी बात यह है कि इन समस्याओं के मूल कारणों, इनके दुष्परिणामों पर ही नहीं, उनके समाधान के रास्तों पर भी लेखक ने इन लेखों में गहनता से विचार किया है। *




**पुस्तक:** भारतीय विरासत और वैश्विक समस्याएं, **लेखक:** जगमोहन सिंह राजपूत, **मूल्य:** 350 रुपए, **प्रकाशक:** किताबघर प्रकाशन, नई दिल्ली

लघुकथाएं

## तपती दुपहरी



भीषण गर्मी की तपती दुपहरी थी। घर से बाहर निकलते लगता कि आदमी बेहोश होकर गिर जाएगा। धरती पर कण-कण तप रहा था। लेकिन बुलकिया को दम मारने की भी फुरसत नहीं थी। वह सुबह से ही लगी हुई थी। जल्दी-जल्दी ईंटे ढो रही थी। यह सोचती, बस एक खेप और...बस एक खेप और... फिर बच्चे को दूध पिला आएगी। बीच-बीच में बच्चा उठता, थोड़ी देर रोता फिर सो जाता। भीषण लू चल रही थी। पेट की बात नहीं होती तो बुलकिया निकलती भी नहीं। उसने कनखियों से बच्चे कजरा की ओर देखा। वह बस साल भर का था, नीम के पेड़ के नीचे लेटा हुआ था। पेड़ अब ठूंठ ही बचा था। पेड़ की शाखों पर नाम मात्र की पत्तियां ही बची थीं। बुलकिया को तेज भूख लग आई थी, लेकिन वह ईंटों को ढोने में लगी हुई थी। आधी दोपहर निकल गई थी। वह भी बेचारी क्या करे? उसका आदमी रामसूरतवा डेढ़ साल हुए पैसा कमाने पहले विदेश चला गया था। बैंक के दलालों की मदद से किसी तरह पैसा कर्जा लेकर वह दुबई गया था, लेकिन वह घर नहीं लौटा। दुबई में कहीं टावर पर चढ़कर काम कर रहा था। एक बार नीचे गिरा तो उठ ना सका। बुलकिया अपने पति की लाश भी नहीं देख पाई थी। बैंक से दो लाख का कर्जा लेकर गया था पति, साल भर से वह उसका मय ब्याज चुका रही है। रामसूरतवा अपने पीछे दो बच्चे छोड़ गया है- मिंटुआ और कजरा। मिंटुआ तो खैर बड़ा हो गया है। बड़ा भी भला क्या हुआ है, चौदह साल का है। अट्ठारह घंटे चूड़ी फैक्ट्री में काम करता है। तब जाकर वो पांच हजार कमा पाता है। उसकी कमाई से ही घर चलता है।


पेड़ के नीचे कजरा बहुत देर से लेटा था। धूप की किरणें कांच की किरचों की तरह उसके बदन पर चुभ रही थीं। अचानक से वह जोर-जोर से रोने लगा। सुरेखवा से नहीं रहा गया तो चिल्लाई, 'अरे बहन! सुबह से ही बच्चे को धूप में सुला रखा है। कम-से-कम उसे छाया में तो लिटा, उसे कुछ खिला-पिला दे। तू भी तो कुछ खा-पी ले। इतनी धूप में क्यों काम कर रही है? थोड़ा सुस्ता ले बहन। काहे जान देने पर तुली है? बचेगी तो तभी काम करेगी, जा कुछ खा ले। यहां तो ऐसे लोग हैं, जो ठंडे एसी कमरों में पड़े हुए हैं।

एक हमारा नसीब है, धूप और लू में भी काम करना पड़ रहा है। सब अपने-अपने भाग्य की बात है।' तभी रामानंद ठेकेदार उधर से गुजरा, उसने भी टोका, 'ऐ, बुलकिया, तुझे और तेरे बच्चे को धूप नहीं लग रही है क्या? जा थोड़ा सुस्ता ले।'

बुलकिया के मन में आया कह दे, 'बाबू, भूख के आगे धूप कहां लगती है।' लेकिन उसे लगा उसकी आवाज को लकवा मार गया है। *

-महेश कुमार केशरी

## प्यासा कौआ



ओह कैसी गर्मी है? दो-चार रोटियां बनाने में जी घबरा गया। ये सिल्लो भी कितनी छुट्टी करती है और नलों का भी यही हाल है। सारे बर्तन खाली पड़े हैं। सूखे नल ही हुड़हुड़ा रहे हैं।' पसीना पोंछते हुए गर्मी को कोसते हुए वह किचन से बाहर निकल आईं। सामने उन्हें अपना पौत्र दिखाई दिया, 'अरे बंटू! इतनी गर्मी में तुम यहां बैठे हो?'

आंगन में रखी अपनी छोटी कुर्सी पर बैठा हुआ, अपनी ही धुन में ड्राइंग कॉपी में अपने नन्हे-नन्हे हाथ से कुछ बना रहा था। बंटू को भी उसकी ही तरह घर का आंगन बहुत पसंद है। गमलों में मुस्कुराते एक से एक सजावटी पौधे, कोने में पारिजात के पेड़ पर टंगी घंटियां और एक विशिष्ट सजावट मन को सुकून से भर देता है यह आंगन। उन्होंने बंटू से कहा, 'इस गर्मी में बाहर बैठे हो! चलो अंदर चलो।'

बंटू ने बताया, 'दादी मैं ड्राइंग बना रहा हूं।'

उन्होंने कॉपी में झांक कर देखा पेड़, पौधे चिड़ियां, लाल-पीले फूल, तितलियां और आसमान में बादल, झरती वर्षा की बूंदें, वहीं दूसरी ओर खाली मटका, मटके के पास एक मृत कौआ।

'यह क्या बंटू?' उन्होंने पूछा।

'दादी कल आपने कहानी सुनाई थी न, कौए को कहीं भी पानी नहीं मिला, सब जगह सूखा ही सूखा। कहीं भी पानी की एक बूंद भी नहीं और कौआ प्यासा ही मर गया।' बंटू की आवाज में एक पीड़ा थी।

वह आगे भी बोला, 'देखो दादी, मैंने पेड़, लगाए हैं, उससे बादल आए, बारिश आई और यह नदी! देखो नदी में कितना सारा पानी है।' उन्होंने देखा बंटू के मुख और स्वर से खुशी फूट रही थी।

'पर तुम्हारा कौआ तो प्यासा ही मर गया। अब क्या फायदा?' उन्होंने बंटू से पूछा।

'दादी देखो! दूसरा कौआ तो आकाश में उड़ रहा है न।' वह बोला।

न जाने क्यों निगाहें अपने आप ही आसमान की ओर उठ गईं। उफ्फ! आग उगलते आसमां में एक भी परिंदा न दिखा। पर उन्होंने मिट्टी के खाली सकोरों को पानी से लबालब जरूर भर दिया। *

-यशोधरा भटनागर

टूरिस्ट प्लेसेस / शिखर चंद जैन

वैसे तो दुनिया भर में हजारों-लाखों ब्रिजेज, नदी, सागर और पहाड़ों पर बनाए गए हैं। लेकिन हम आपको यहां कुछ ऐसे स्काई ब्रिज के बारे में बता रहे हैं, जिस पर से गुजरते हुए आपको भरपूर रोमांचक अनुभव मिलेगा। यहां से आपको आसमान और धरती के ऐसे अद्भुत नजारे दिखेंगे, जिसकी आप कल्पना भी नहीं कर सकते हैं।

# थ्रिल से भरपूर अमेजिंग ब्रिज



## टिटलिस क्लिफ वाक

**स्विटजरलैंड के** टिटलिस पहाड़ पर बना यह झूला पुल, दुनिया का सबसे ऊंचा ससपेंशन ब्रिज माना जाता है। समुद्री सतह से 3000 मीटर की ऊंचाई पर बने इस ब्रिज पर टहलने के लिए सचमुच बहुत हिम्मत चाहिए, क्योंकि यहां से आसमान आपको अपनी पहुंच में नजर आएगा और नीचे देखेंगे, तो सिर चकरा जाएगा। जी हां, 100 मीटर लंबे और मात्र 1 मीटर चौड़े इस ब्रिज पर अपना दिल थाम कर आप आगे बढ़ेंगे तो चारों ओर बिखरी सफेद बर्फ और नीले आसमान के नीचे पहाड़ का मनोरम दृश्य आपको स्वर्गिक आनंद तो देगा ही, आपको रोमांच से भी भर देगा। *



## ग्रैंड कैन्यन स्काई वाक

**अरिजोना (यूएसए)** के कैन्यन नेशनल पार्क में 4700 फीट की ऊंचाई पर बना यह पुल, पूरी तरह पारदर्शी है। यह वाक वे दुनिया के सबसे रोमांचक और सिहरन पैदा करने वाले पर्यटक स्थानों की सूची में शुमार है। इस पर टहलते समय नीचे गहरी खाई और ऊपर नीला आसमान नजर आता है तो अच्छे अच्छों का सिर चकरा जाता है। इसकी सैर करते समय आपको म्यूजियम, लाउंज और स्पेशल आइटम्स वाली शॉप भी देखने को मिलेगी। घोड़े के नाल की आकार का यह पुल, दर्शकों का दिल छू लेता है। अगर आप इस पर सैर करने का साहस न जुटा पाएं तो कोई बात नहीं, इसके नजदीक बने ओपन कैफे में बैठकर भी इसके नजारे ले सकते हैं। *



## ऑरलैंड लुकआउट

**स्विमिंग पुल** में कूदने के लिए जो डाइविंग बोर्ड बनाए जाते हैं, वैसी ही डिजाइन है नॉर्वे के इस हैंगिंग ब्रिज ऑरलैंड लुकआउट की। ढलान ऐसी कि दिल घबरा जाए। बहादुर से बहादुर इंसान भी इसके अंतिम छोर तक जाने का साहस नहीं जुटा पाएगा क्योंकि इसका छोर पारदर्शी कांच से बनाया है और वह भी बिना फ्रेम के। नीचे घाटी में झांकेंगे, तो लगेगा बस आप अगले ही पल नीचे गिरने वाले हैं और ऊपर आसमान इतना नजदीक दिखेगा कि आपको लगेगा, आप इसे हाथ से पकड़ लेंगे। *



## मोंटीवर्डी रेनफॉरेस्ट स्काई वाक

**दक्षिण अमेरिकी** महाद्वीप के कोस्टारिका देश में बना यह स्काई वाक इकोटूरिज्म का नायाब उदाहरण है। हैंगिंग ब्रिजेज की श्रृंखला से बना यह 2.5 किलोमीटर लंबा ब्रिज, आपको 2500 तरह के पेड़-पौधे, 400 तरह के पक्षी और कम से कम 100 तरह के जानवरों को देखने का भी मौका देता है। इस पुल पर आप लंबे-लंबे पेड़ों के शिखरों के बगल में चलते हैं और अपने चारों ओर प्रकृति का जीवंत रूप देखते हैं, तो मन आनंद से भर जाता है। इस बियाबान जंगल में सूरज की रोशनी बड़ी मुश्किल से धरती को छू पाती है। ऐसे में ब्रिज पर सैर करते हुए हवाई नजारा लेना एक अनूठी अनुभूति है। *



## थियानमेन मुंटेन स्काईवाक

**चीन के** हुनान प्रांत में बना यह स्काई वाक वे 4700 फीट की ऊंचाई पर स्थित पहाड़ी पर बना है। इस वाक वे पर चलने से पहले भरपूर जीवट वाला इंसान भी एक बार घबरा जाएगा, क्योंकि एक ओर पहाड़ी की खड़ी ढाल है और दूसरी ओर 4000 फीट गहरी खाई। दिलचस्प बात यह कि इसका 3 फीट चौड़ा पैसेज पारदर्शी कांच का बना है, जिससे आप खुद को हवा में झूलता सा महसूस कर सकते हैं। इस स्काई ब्रिज पर टहलना 'वाक आफ फेथ' कहा जाता है, क्योंकि माना जाता है कि यह कमजोर दिलवालों के लिए नहीं, अत्यधिक आत्मविश्वास वाले लोगों के लिए ही है। *



## ऑग्रेबीज वॉटरफॉल्स वाक वेज

**दक्षिण अफ्रीका** के नार्दर्न केप में बने ऑग्रेबीज नेशनल पार्क में लकड़ी से बना यह ब्रिज आपको वाटरफाल के नजदीक पहुंचाता है। 5 कि.मी. लंबा यह वाक वे आपको उस अद्भुत मनोहारी दृश्य को नजदीक से देखने का मौका देता है, जो ऑरेंज नदी के लहराते जल के 240 मीटर गहरी और 18 किमी लंबी खाई में गिरने से उपस्थित होता है। इस पानी का शोर ऐसा होता है मानो सैंकड़ों नगाड़े पूरी ताकत के साथ बजाए जा रहे हैं। वाक वे पर खड़े होकर इस दृश्य को देखना और आवाज को सुनना वाकई एक अविस्मरणीय अनुभव होता है। *

### सावधानी है जरूरी

**अगर आपको** कभी इन वाक वेज को देखने का मौका मिले और इनकी सैर करें तो कुछ सावधानी जरूर बरतें-

- चप्पल या आसानी से खुलकर निकल जाने वाले फुटवियर न पहनें।
- लहराने वाले या लूज ड्रेस जैसे दुपट्टा, मफलर आदि न पहनें।
- मोबाइल फोन, सनग्लास, कैमरे जैसे आइटम साथ में न रखें।
- नींद की दवा या नशीले पदार्थों का सेवन करने के बाद भूलकर भी यहां न जाएं।
- स्वास्थ्य संबंधी कोई शिकायत है, तो डॉक्टर से कंसल्ट जरूर कर लें।

रोचक / डॉ. शिबन कृष्ण रैणा

# शारजाह की विशाल सब्जी मंडी





जब भी मैं यूएई (यूनाइटेड अरब अमीरात) जाता हूं तो शारजाह शहर में स्थित सब्जी मंडी को देखना नहीं भूलता। सचमुच, अद्भुत और दर्शनीय! कह नहीं सकता कि विश्व में ऐसी भव्य, विशालकाय और मनोरम सब्जी मंडी कहीं और होगी या नहीं? इस सब्जी मंडी का नाम है 'सौक अल-जुबैल।' सैंतीस सौ वर्ग मीटर क्षेत्रफल में फैले इस विशालकाय वातानुकूलित परिसर में मुख्यतया तीन मार्केट मौजूद हैं। एक में फल और सब्जियां, दूसरे में मीट, चिकन, मछली जबकि तीसरे में सूखे मेवे आदि की दुकानें हैं। कुल मिलाकर इसमें 370 दुकानें हैं, जिनमें 212 सब्जी और फल की और शेष दुकानें नॉनवेज की हैं। पहले यह मंडी दूसरी जगह पर हुआ करती थी। नया परिसर बनने पर पुरानी मंडी की सारी दुकानें यहां पर शिफ्ट कर दी गई हैं।




यहां की व्यवस्था और साफ-सफाई शानदार है। कहीं कोई गिचपिच नहीं, कोई गंदगी नहीं। कहीं कोई शोर-शराबा भी नहीं। हर चीज का एक दाम। कोई मोल भाव भी नहीं। चारों ओर अनुशासन और शांति का माहौल। यूएई चूंकि-कृषि प्रधान देश नहीं है, इसलिए फल, सब्जी आदि खाने-पीने की चीजें मुख्यतया ओमान, भारत, पाकिस्तान, इटली, अमेरिका, श्रीलंका, ऑस्ट्रेलिया आदि देशों से यहां मंगवाई जाती हैं। इस सब्जी मंडी की विशालकायता का अंदाज इस बात से लगाया जा सकता है कि परिसर के बाहर 750 कारों के लिए पार्किंग की व्यवस्था है। 800 ट्रॉलियों से लैस परिसर में एटीएम के साथ-साथ वाई-फाई की सुविधा भी उपलब्ध है। पूरा परिसर चौबीस घंटे सीसीटीवी कैमरों की निगरानी तले रहता है। परिसर की ऊपर वाली मंजिल पर 'सौक अल-जुबैल' का प्रशासनिक कार्यालय भी स्थित है। *

ट्रेंड / विवेक कुमार

# बहुत कुछ कहती हैं अंगुली में पहनी अंगूठियां







हममें से कई लोग रईसी दिखाने के लिए तो कुछ अट्रैक्टिव या डिफरेंट दिखने के लिए ज्वेलरी पहनना पसंद करते हैं। विभिन्न धातुओं से बनी ये ज्वेलरीज हमारे स्वभाव से लेकर हमारे स्वास्थ्य तक को प्रभावित करती हैं। लेकिन अगर अंगूठियों की बात करें तो इससे हमारी पर्सनालिटी तो निखरती ही है। अलग-अलग अंगुलियों में पहनी गई अंगूठियां, अलग-अलग एंगल और अंदाज से हमारे व्यक्तित्व और मनोविज्ञान का खुलासा भी करती हैं। इस बारे में जानिए कुछ रोचक बातें।

**अंगूठे में अंगूठी:** जब आप अपने दाएं हाथ के अंगूठे पर अंगूठी पहनते हैं तो यह आपके महत्वाकांक्षी होने के मनोविज्ञान को दर्शाता है। यदि आप अपने बाएं हाथ के अंगूठे पर अंगूठी पहनते हैं तो यह आपके अंदर के मनोवैज्ञानिक संघर्ष को दर्शाता है। इसका एक पहलू आपकी पर्सनालिटी को उभारने के संबंध में भी होता है। अगर आपकी बॉडी फिट है, लंबाई 6 फीट के आस-पास है, बदन भारी नहीं है, चेहरे में आत्मविश्वास और ऊर्जा की मौजूदगी है, तो अंगूठे में पहनी गई अंगूठी आपकी अलग ही चमक दिखाती है। यह आपके समूचे व्यक्तित्व को एक ड्राइविंग फोर्स देती है।

**तर्जनी अंगुली में अंगूठी:** तर्जनी अंगुली पर अंगूठी पहनना हालांकि बहुत आसान है, लेकिन आप ध्यान से देखें तो अंगूठी का शौक रखने वाले भी महज 5 से 10 फीसदी लोग ही तर्जनी में अंगूठी पहनते हैं। दरअसल, तर्जनी पर अंगूठी वही पहनते हैं, जो अपने आत्मसम्मान और आत्मविश्वास को सार्वजनिक रूप से दर्शाना चाहते हैं, जिनमें नेतृत्व के गुण होते हैं। अगर इस बात को राजनेताओं से जोड़कर देखें तो अकसर राजनेता तर्जनी अंगुली पर अंगूठी पहने मिल जाते हैं। लेकिन अगर इसे सिर्फ फैशन के लिहाज से देखें तो तर्जनी अंगुली पर उन्हीं को अंगूठी पहनना शानदार दिखाता है, जिनकी पर्सनालिटी पहले से ही भरी-पूरी हो।

**मध्यमा अंगुली पर अंगूठी:** मध्यमा अंगुली जिम्मेदारी, सुंदरता, आत्मविश्लेषण यानी आपके बारे में बहुत कुछ कहती है। परिवार के मुखिया आमतौर पर मध्यमा अंगुली पर ही अंगूठी पहनना पसंद करते हैं, क्योंकि वे जिम्मेदारी उठाना पसंद करते हैं। मध्यमा अंगुली पर अंगूठी किसी भी लंबाई के पुरुष में अच्छी लगती है, बशर्ते उसके चेहरे में उत्साह हो और आत्मविश्वास भी झलकता हो।

**अनामिका अंगुली में अंगूठी:** अनामिका एक ऐसी अंगुली है, जिसमें करीब-करीब हर कोई अंगूठी पहनता है और यह भी कहना चाहिए कि हर किसी की अनामिका में पहनी गई अंगूठी अच्छी भी लगती है। शायद इसकी वजह यह है कि इस अंगुली पर जब भी हम अंगूठी पहनते हैं, यह अच्छी लगती है। इसलिए यह अंगूठी पहनने के लिए सबसे कॉमन अंगुली है। रिश्तों की रचनात्मकता को पहचानना हो तो किसी के अनामिका में पहनी गई अंगूठी को देख लें। इसी वजह से विवाह के समय हर जोड़ा इसी अंगुली पर अंगूठी पहनाता है। वास्तव में अनामिका का रिश्ता चंद्रमा और रोमांस से है।

**कनिष्ठा अंगुली में अंगूठी :** कनिष्ठा यानी छोटी अंगुली पर बहुत कम लोग अंगूठी पहनते हैं। आमतौर पर इस अंगुली में वही लोग अंगूठी पहनते हैं, जिन्हें किसी विशेष मकसद से कोई अंगूठी पहननी हो। लेकिन इस अंगुली में अंगूठी पहनने वालों का एक स्पष्ट मनोविज्ञान होता है। ये पेशेवर होते हैं, बुद्धिमान होते हैं, दूसरे की कम सुनते हैं और अपने आत्मज्ञान पर भरोसा करते हैं। सही तरीके से ड्रेसअप होने पर कनिष्ठा में पहनी गई अंगूठी पर्सनालिटी में चार चांद भी लगाती है। *



रिचा चड्ढा ने अपने अलग तरह के रोल्स और दमदार अभिनय से फिल्मों में एक अलग पहचान बनाई है। इन दिनों वह वेब सीरीज 'हीरामंडी' में अपने किरदार को लेकर चर्चा में हैं। इस सीरीज में उन्होंने अपने अभिनय से दर्शकों को काफी प्रभावित किया है। रिचा चड्ढा से उनकी प्रोफेशनल और पर्सनल लाइफ से जुड़ी खुलकर बातचीत।

# लज्जो मेरी नई पहचान है : रिचा चड्ढा

बातचीत / पूजा सामंत

**पिछले दिनों ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज हुई संजय लीला भंसाली निर्देशित वेब सीरीज 'हीरामंडी' में आप लज्जो के किरदार में नजर आ रही हैं। इसे दर्शकों ने खूब पसंद किया। आप क्या कहना चाहेंगी?**

हर कलाकार चाहता है कि उसे भंसाली सर के साथ काम करने का मौका मिले। एक स्त्री का चित्रण जिस खूबसूरती से भंसाली सर करते हैं, वैसा किसी और के लिए करना मुश्किल है। वे हर फ्रेम को बेहद सुंदर बना देते हैं। परफेक्शन का दूसरा नाम हैं- संजय लीला भंसाली। 'हीरामंडी' में लज्जो का किरदार निभाकर मुझे काफी प्रशंसा मिल रही है।

**सुना है 'हीरामंडी' में आप एक डांस सीक्वेंस परफॉर्म करते समय रो पड़ी थीं?**

अभी तो मैंने बताया कि भंसाली सर कितने परफेक्शनिस्ट हैं। जब तक शॉट 'द बेस्ट' न हो, रीटेक तो होते रहेंगे। शो के एक डांस सीक्वेंस में लज्जो को मुजरा करते हुए दिखाया गया है, यह कथक के तोड़े हैं। मेरे लगातार रीटेक्स हुए जा रहे थे। मुझे इस बात को लेकर घबराहट हो रही थी कि आखिर मेरा शॉट फाइनल होगा या नहीं, इसलिए मेरी आंखों में आंसू आ गए। 99 रीटेक्स के बाद मेरा कथक वाला मुजरा ओके हुआ।



'हीरामंडी' में को-आर्टिस्ट्स के साथ लज्जो के किरदार में रिचा चड्ढा

**आप और आपके पति अली फजल ने एक्टिंग फील्ड में होते हुए भी अपना फिल्म प्रोडक्शन शुरू किया। क्या फिल्म निर्माण के क्षेत्र में उतरने के पीछे कोई खास मकसद है?**

चलती-फिरती जिंदगी में कई बार कुछ ऐसे वाकये हो जाते हैं कि लगता है यह तो फिल्म का सब्जेक्ट है। यह जरूरी नहीं कि मेरा सुनाया सब्जेक्ट या कहानी किसी और निर्माता को पसंद आए। इसलिए किसी अच्छी-रोचक कहानी पर हमने स्वयं फिल्म बनाना सही समझा। सो फिल्म निर्माण में आ गए।

**आप और अली फजल दोनों फिल्म कलाकार हैं, जीवन साथी भी हैं। फिल्म निर्माण भी साथ में कर रहे हैं, ऐसे में क्या 'क्रिएटिव डिफरेंसेज' की गुंजाइश नहीं रहेगी?**

रहेगी न! किसी मुद्दे को लेकर वैचारिक मतभेद का होना स्वाभाविक है। अली को लव स्टोरीज आकर्षित करती हैं और मैं सोचती हूं, एक्शन का तड़का कहानियों में हो तो वो यूनिवर्सल अपील बन जाती है। लेकिन हम दोनों एक-दूसरे के विचारों का सम्मान करते हैं।

**आपके प्रोडक्शन की फिल्म 'गर्ल्स विल बी गर्ल्स' सराही जा रही है। इस फिल्म के बारे में कुछ बताएं।**

सूचि तलाटी निर्देशित हमारी यह फिल्म 21 अगस्त को फ्रांस में रिलीज होगी। इस फिल्म में प्रीति पाणिग्रही, कनि कुसूरति, केशव बिनॉय किरण, जितेन गुलाटी, देविका शाहनी और काजल चुघ मुख्य भूमिका में हैं। ये सभी बड़े होनहार कलाकार हैं। अभी फिल्म की पूरी स्टोरी बताना ठीक नहीं रहेगा। वैसे इसे एक मां और बेटी के संघर्ष की कहानी कहा जा सकता है।

**अब तक की अपनी जर्नी को कैसे देखती हैं?**

मेरी जर्नी स्लो एंड स्टेडी रही है। मुझे लगता है मेरी हर फिल्म, हर किरदार ने मुझे सिखाया है, मेरी ग्रोथ हुई है। मैं रातों-रात स्टार नहीं बनी, धीरे-धीरे आगे बढ़ी हूं। 2008 में रिलीज हुई फिल्म 'ओए लक्की! लक्की ओए' में एक छोटे रोल से मैंने अपना फिल्मी सफर शुरू किया था। उसके बाद 'मसान', 'गैंग्स ऑफ वासेपुर', 'गोलियों की रासलीला-राम लीला' जैसी फिल्मों में मेरे किरदारों को दर्शकों और फिल्म-क्रिटिक्स के अच्छे रेस्पॉन्स मिले। मेरा किरदार 'भोली पंजाबन' इतना पॉपुलर हुआ कि मुझे 'फुकरे', 'फुकरे रिटर्न्स' में उसी तरह के रोल ऑफर हुए। आज भी मुझ पर से 'भोली पंजाबन' का स्टैंप पूरी तरह से हटा नहीं है। अब मेरे कई फैंस मुझे 'लज्जो' (हीरामंडी) के नाम से जानने लगे हैं, यह मेरी नई पहचान है। *

## यह भी बताया...

**प्रेग्नेंट रिचा के अहसास :** रिचा चड्ढा बहुत जल्द मां बनने वाली हैं। वह कैसा महसूस कर रही हैं, पूछने पर बताती हैं, 'मैं बहुत ज्यादा एक्साइटेड हूं। मैं अली को 2015 से जानती हूं। वेनिस फिल्म फेस्टिवल में 'विक्टोरिया एंड अब्दुल' फिल्म के प्रीमियर पर हम पहली बार मिले थे। हमारी मुलाकात दोस्ती और प्यार में तब्दील हुई। हमने 2020 में शादी की, अब हम 2024 में मम्मी-पापा बन रहे हैं। हमारा प्यार, हमारे रिश्ते बहुत सहज तरीके से आगे बढ़े। अब मुझे मम्मी और अली को पापा कहने वाला कोई आएगा। ये भावनाएं मन पर मोर पंख घुमा रही हैं।'

**नहीं छोड़ेंगी अभिनय और फिल्म निर्माण:** रिचा से यह सवाल करने पर कि मां बनने के बाद क्या वह अपना एक्टिंग-करियर जारी रखेंगी, वह जवाब देती हैं, 'वक्त तेजी से बदल रहा है, बल्कि बदल चुका है। यह उन मांओं के लिए सुनहरा दौर है, जो अपने बच्चों की परवरिश के साथ अपने करियर को खत्म नहीं करना चाहतीं। मुझे याद है, जब मेरे भाई का जन्म हुआ था, मां ने डिलीवरी के 45 दिनों बाद ही अपनी जॉब कंटिन्यू कर दी थी। प्रेग्नेंसी-डिलीवरी स्त्री के लिए एक ऑर्गेनिक प्रॉसेस है। अगर मां का हाथ बंटाने वाला कोई हो तो यह कोई इश्यू नहीं बनता। मैं भी मनचाहा काम, फिल्में, ओटीटी, फिल्म निर्माण करते रहना चाहूंगी।'

